www.oswaldryfruits.com
OSWAL DRYFRUITS
DRYFRUITS: Regular Dryfruits, Flavored Dryfruits & Seeds
KIRANA: Rice, Pulses, Grains & Packaging Products
MASALA: Powder / Whole Spices & Garam Masala
FREE HOME DELIVERY
98200 29433 / 70214 01877

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
वर्ष : 33 ▸ अंक : 342 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 27 फरवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

# महाकुंभ की पूर्णाहुति

- महाशिवरात्रि के अमृत स्नान के साथ 45 दिवसीय महाकुंभ का समापन
- त्रिवेणी संगम में 66.21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**एजेंसी | प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ 2025 का 45 दिन बाद 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अमृत स्नान के साथ अंत हो गया। 45 दिनों में संगम में डुबकी लगाने की पावन कामना लिए 66 करोड़ से अधिक लोग प्रयागराज पहुंचे। यह आयोजन अपने आप में कितना विशाल था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यूपी सरकार ने महाकुंभ की अवधि के लिए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए महाकुंभ क्षेत्र को अलग जिला तक घोषित कर दिया। चार हजार हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में फैले इस महाकुंभ नगर के 25 सेक्टरों में हर वो व्यवस्था की गई, जिससे प्रयागराज पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो।





दुनिया के सबसे बड़े मेले को वायुसेना ने भी दी सलामी

## महाकुंभ में 45 करोड़ के जुटने का अनुमान, 66 करोड़ पहुंचे

छह हफ्तों तक प्रयागराज में जारी रहे महाकुंभ में शायद ही कभी मेला क्षेत्र में भीड़ में कमी देखी गई हो। यूपी सरकार ने अनुमान लगाया था कि 45 दिनों के आयोजन में 45 करोड़ से 50 करोड़ लोग प्रयागराज में स्नान के लिए आ सकते हैं। हालांकि, ताजा आंकड़ों की मानें तो इन 45 दिनों में 66 करोड़ से ज्यादा लोग प्रयागराज पहुंचे। एक औसत के लिहाज से देखा जाए तो हर दिन करीब 1.5 करोड़ लोगों ने संगम में स्नान किया।

### स्मृतियों में महाकुंभ

महाकुंभ का आयोजन खत्म होने के साथ ही श्रद्धालुओं का प्रयागराज से लौटना जारी है। हालांकि, बीते 45 दिनों में कई ऐसी चीजें देखने को मिलीं, जो कि भक्तों के दिलों में लंबे समय तक ताजी रहेंगी। फिर चाहे वह शाही स्नानों के बावजूद प्रयागराज में हर दिन करोड़ों लोगों के जुटने और इसके चलते जाम की स्थिति पैदा होने की घटनाएं हों या महाकुंभ में एक के बाद एक बाबाओं के वायरल होने की।

# विपक्ष ने की फडणवीस की तारीफ

## भ्रष्ट और फिक्सर अधिकारियों की नियुक्ति रोकने के फैसले का समर्थन

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार में मंत्रियों के 16 निजी सचिवों और ओएसडी की नियुक्तियों को भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते अस्वीकार करने के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के फैसले को विपक्षी दलों से भी समर्थन मिल रहा है। शिवसेना (उद्धव) और राकांपा (शरद) ने इस कदम की सराहना की है।

### शिवसेना (उद्धव) और राकांपा (शरद) ने किया समर्थन

शिवसेना (उद्धव) के सांसद संजय राऊत ने फडणवीस के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य सरकार में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाने का जो प्रयास किया है, वह सराहनीय है। राकांपा (शरद) के मुख्य प्रवक्ता महेश तपासे ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य हित में भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए उठाया गया यह कदम सराहनीय है, लेकिन फडणवीस को पिछली सरकार में भी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए थी।



### राऊत का बड़ा दावा

### 13 नाम शिंदे गुट के मंत्रियों के

राऊत ने दावा किया कि रद्द की गई नियुक्तियों में 13 शिवसेना (शिंदे गुट) और शेष अजित पवार गुट के मंत्रियों से संबंधित थीं। उन्होंने फडणवीस से यह भी मांग की कि वे उन मंत्रियों के नाम उजागर करें जिन्होंने भ्रष्ट लोगों के नाम भेजे थे।

### डीबीडी पंच — नए समीकरणों के संकेत

महाराष्ट्र की राजनीति में नए समीकरण उभरते नजर आ रहे हैं, जिससे राज्य में बड़े बदलाव की संभावनाएं तेज हो गई हैं। शिवसेना (उद्धव) के मुखपत्र सामना में संजय राउत द्वारा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तारीफ और एनसीपी (शरद पवार) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल की भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बाबनकुले से मुलाकात को अहम माना जा रहा है। इसके अलावा, हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शरद पवार के बीच नजदीकी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। इससे भाजपा कांग्रेस और महाविकास आघाड़ी को कमजोर करने की रणनीति बना रही है।


# सरकारी बस में महिला से दुष्कर्म

- आपराधिक रिकॉर्ड वाला आरोपी हुआ फरार
- घटना पर विपक्षी नेताओं ने मुख्यमंत्री पर तीखा हमला बोला

**डीबीडी संवाददाता | पुणे**

पुणे में स्वारगेट बस स्टैंड पर खड़ी बस में 26 वर्षीय महिला से रेप की घटना सामने आई है। यह घटना मंगलवार सुबह पुलिस स्टेशन से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई। CCTV फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान कर ली गई है, लेकिन अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम दत्तात्रेय रामदास है और उसका पहले से आपराधिक रिकॉर्ड है। उसे पकड़ने के लिए 8 पुलिस टीमें बनाई गई हैं।

## पुलिस स्टेशन से 100 मीटर दूरी पर पार्किंग एरिया में वारदात



### सरकार ने बुलाई आपातकालीन बैठक

राज्य सरकार ने महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गुरुवार को आपात बैठक बुलाई है। महाराष्ट्र के ट्रांसपोर्ट मंत्री ने यह बैठक बुलाई है। वहीं महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने बयान दिया है। अजित पवार ने कहा, पुणे के स्वारगेट बस स्टेशन पर हमारी एक बहन के साथ हुई बलात्कार की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, दर्दनाक, क्रोधजनक और सभ्य समाज में सभी को शर्मसार करने वाली है। इस अपराध में आरोपी द्वारा किया गया अपराध अक्षम्य है और उसके लिए मृत्युदंड के अलावा कोई अन्य सजा नहीं हो सकती।'

### कैसे हुई वारदात?

महिला अपने गांव जाने के लिए बस में चढ़ी थी। आरोपी ने दीदी कहकर बात शुरू की और उसे बस में बैठने को कहा। बस में अंधेरा देखकर महिला ने सवाल किया, तो आरोपी ने कहा कि अन्य यात्री सो रहे हैं। जैसे ही वह बस में दाखिल हुई, आरोपी ने दरवाजा बंद कर दिया और वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद महिला ने अपनी साथी को जानकारी दी और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### विपक्षी दलों ने सरकार को दोषी ठहराया

इस घटना पर विपक्षी दलों के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने पुणे क्षेत्र में बढ़ते अपराध से निपटने में विफल रहने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के गृह विभाग को दोषी ठहराया। एनसीपी (एसपी) की नेता सुप्रिया सुले ने कहा, पास में ही पुलिस चौकी है और इलाके में नियमित गश्त होती है। फिर भी स्वरगेट में इस तरह की घटना होती है, जो दर्शाता है कि असामाजिक तत्वों को कानून का कोई डर नहीं है।

### परिवहन मंत्री ने 23 सुरक्षाकर्मियों को काम से हटाया

महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाई ने सुरक्षा में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कड़ा कदम उठाया है। 23 सुरक्षाकर्मियों को काम से हटा दिया गया है और गुरुवार से नए सुरक्षाकर्मी तैनात करने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही, परिवहन विभाग के कंट्रोलर और डिपो मैनेजर की जांच के आदेश दिए गए हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया है कि एक हफ्ते के भीतर जांच रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नासिक सिंहस्थ कुंभ मेले के लिए 'महाबैठक'



### अजित पवार-एकनाथ शिंदे रहे गायब

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

प्रयागराज में महाकुंभ मेला संपन्न हो गया। अब महाराष्ट्र में कुंभ मेला आयोजित किया जाएगा। सिंहस्थ कुंभ मेला 2027 में नासिक में आयोजित किया जाएगा। इस कुंभ मेले में देश भर से लाखों श्रद्धालु आते हैं। इसलिए महाराष्ट्र सरकार भी इसी तरह की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कुंभ मेले की तैयारी के लिए आज यानी बुधवार को सह्याद्री गेस्ट हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। लेकिन इस बैठक में राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्रियों अजित पवार और एकनाथ शिंदे नहीं आए। दोनों की अनुपस्थिति से राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

### सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड

# अब उज्ज्वल निकम संभालेंगे केस



- सरकार ने निकम को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड में वरिष्ठ वकील उज्ज्वल निकम को विशेष लोक अभियोजक और अधिवक्ता बालासाहेब कोल्हे को सहायक विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया है। इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है।

### सरकार का सख्त रुख, परिवार की मांग पूरी

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि सरकार इस मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। संतोष देशमुख के परिवार ने भी विशेष अभियोजक की मांग की थी, जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया।

### कैसे हुई थी संतोष देशमुख की हत्या?

9 दिसंबर 2024 को संतोष देशमुख का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बीड की एक ऊर्जा कंपनी से हो रही जबरन वसूली रोकने की कोशिश की थी, जिससे उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी कृष्णा अंधाले फरार है।

### वाल्मीक कराड की 'बी टीम' पर आरोप, जांच एजेंसियों पर उठे सवाल

संतोष के भाई धनंजय देशमुख ने आरोप लगाया कि वाल्मीक कराड के करीबी सहयोगी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं और आरोपियों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी कराड की बी टीम पर सवाल उठाए हैं। धनंजय देशमुख का दावा है कि बालाजी तांडले, संजय केदार और वैबसे ने कराड और अन्य आरोपियों की मदद की, लेकिन पुलिस ने उन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया।

# मुकदमेबाजी ने खाली की सरकारी तिजोरी — 10 साल में 400 करोड़ खर्च

## मोदी सरकार ने दिया 10 साल का हिसाब

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सरकार ने पिछले 10 सालों में अदालती मामलों पर 400 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए हैं। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़ों से मिली है। इनके अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार ने मुकदमेबाजी पर 66 करोड़ रुपये खर्च किए। यह पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 9 करोड़ रुपये ज्यादा है। आंकड़ों में यह भी बताया गया है कि 2014-15 से मुकदमेबाजी का खर्च लगातार बढ़ रहा है। इसमें सिर्फ दो साल अपवाद रहे, जब कोरोना महामारी चरम पर थी। संसद के बजट सत्र में सरकार ने लोकसभा में यह जानकारी दी। सरकार ने बताया कि 2014-15 में मुकदमेबाजी पर 26.64 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। 2015-16 में यह बढ़कर 37.43 करोड़ रुपये हो गया। 2014-15 से लेकर 2023-24 तक सरकार ने अदालती मामलों पर कुल 409 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए हैं। यह एक बड़ी रकम है, जो दिखाती है कि सरकार को कितने मुकदमों का सामना करना पड़ता है।

- 2023-24 में मुकदमेबाजी पर 66 करोड़ रुपये खर्च हुए
- लगभग 7 लाख अदालती मामलों में सरकार पार्टी है



### विधि मंत्री मेघवाल ने दी जानकारी

विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में बताया कि लगभग सात लाख अदालती मामलों में सरकार पार्टी है। इनमें से लगभग 1.9 लाख मामलों में वित्त मंत्रालय वादी है। यानी वित्त मंत्रालय खुद ही कई मामलों में मुकदमा लड़ रहा है। यह संख्या बताती है कि सरकारी विभागों को कितने कानूनी विवादों का सामना करना पड़ता है। सरकार लंबित मामलों को जल्दी निपटाने के लिए एक राष्ट्रीय वाद नीति पर काम कर रही है। इस नीति का मसौदा तैयार हो गया है और इसे जल्द ही कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। इस नीति से उम्मीद है कि अदालती मामलों का निपटारा जल्दी होगा। सरकार का पैसा और समय बचेगा। यह नीति कई सालों से बन रही है और अलग-अलग सरकारों ने इस पर विचार किया है।

### बढ़ते अदालती खर्च चिंता का विषय

यह नीति बहुत जरूरी है क्योंकि बढ़ते अदालती खर्च सरकार और जनता दोनों के लिए चिंता का विषय है। सरकार को उम्मीद है कि इस नीति से मुकदमेबाजी का खर्च कम होगा और न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी। इससे आम जनता को भी फायदा होगा। अगर मुकदमे जल्दी निपटेंगे तो लोगों को न्याय मिलने में देरी नहीं होगी। इसके अलावा, सरकार को यह भी देखना होगा कि नए मुकदमे कम से कम हों। इसके लिए सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाना जरूरी है। साथ ही, लोगों को कानूनी जानकारी भी देनी होगी ताकि वे बिना वजह मुकदमेबाजी में न पड़ें। सरकार को ऐसे उपाय करने होंगे जिससे विवादों का निपटारा अदालत के बाहर ही हो जाए। यह नीति कितनी सफल होगी, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन, यह एक अच्छी शुरुआत है और उम्मीद है कि इससे न्यायिक प्रक्रिया में सुधार होगा।

# सजायाफ्ता नेता पर न लगे ताउम्र चुनाव लड़ने पर रोक

- केंद्र सरकार ने कोर्ट में हलफनामा देकर आजीवन पाबंदी लगाने का किया विरोध

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दोषी नेताओं पर आजीवन पाबंदी लगाने का विरोध किया है। सरकार का कहना है कि 6 साल का डिसक्वालिफिकेशन पर्याप्त है और इस तरह की अयोग्यता पर निर्णय लेना संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। वकील अश्विनी उपाध्याय ने 2016 में एक जनहित याचिका दाखिल कर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 और 9 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी थी। उन्होंने सवाल उठाया था कि राजनीतिक दल स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार क्यों नहीं चुनते।



### केंद्र ने क्या कहा?

याचिका का उद्देश्य कानून को दोबारा लिखने जैसा है। न्यायिक समीक्षा की शक्तियों के विपरीत जाकर संसद को कानून बनाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। सांसदों-विधायकों के खिलाफ मामलों का जल्द निपटारा होना चाहिए, लेकिन आजीवन बैन जरूरी नहीं।


### क्या मांग की गई थी?

याचिका में सांसदों-विधायकों के आपराधिक मामलों को जल्द सुलझाने और दोषी नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी। अब इस मुद्दे पर संसद ही अंतिम फैसला लेगी।

# इलाहाबादिया का कबूलनामा — 'मेरा बयान गलत था'

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

विवादित टिप्पणी को लेकर घिरे पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया ने महाराष्ट्र साइबर सेल के सामने अपना बयान दर्ज कराते हुए स्वीकार किया कि उनकी टिप्पणी गलत थी। इलाहाबादिया ने कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर आलोचना झेलने के बाद अपना बयान दर्ज कराया।



### बिना फीस के शो में हुए थे शामिल

साइबर सेल अधिकारियों के अनुसार, इलाहाबादिया ने स्वीकार किया कि शो में उन्होंने जो शब्द इस्तेमाल किए, वे गलत थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि समय रैना उनके अच्छे दोस्त हैं, और वे बिना किसी फीस के शो में शामिल हुए थे।

### अन्य हस्तियों के बयान भी दर्ज

इस मामले में यूट्यूबर आशीष चंचलानी और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा के बयान भी दर्ज किए गए हैं। अपूर्वा मखीजा इस केस में सह आरोपी हैं। शो में अतिथि के रूप में शामिल हुई अभिनेत्री राखी सावंत को भी समन जारी किया गया है। वहीं, समय रैना का बयान दर्ज होना अभी बाकी है।

हिरासत में आरोपी की मौत का मामला

# पुलिसकर्मियों को मिली राहत

**सेशन कोर्ट ने मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट पर लगाई रोक**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे जिले के बदलापुर में एक स्कूल में दो नाबालिग बच्चियों के यौन शोषण मामले में आरोपी की हिरासत में मौत के मामले में पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोर्ट ने कुछ राहत दी है। एक सेशन कोर्ट ने 21 फरवरी को एक आदेश में मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट को रोक दिया है, जिसमें आरोपियों के कथित मुठभेड़ को लेकर संदेह जताया गया था। सेशन कोर्ट के जज डीआर देशपांडे ने कहा कि राज्य के क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) की तरफ से आरोपी की हिरासत में मौत की जांच स्वतंत्र रूप से जारी रहेगी।



### 5 मार्च को होगी मामले की अगली सुनवाई

मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय शिंदे और अन्य पुलिसकर्मियों को आरोपी की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था और उनकी तरफ से की गई गोलीबारी को अनावश्यक बताया गया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यह मुठभेड़ फर्जी हो सकती है, जैसा आरोपित के परिवार ने दावा किया था। सत्र न्यायालय ने आदेश दिया कि मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट के निष्कर्षों को अगले आदेश तक रोक दिया जाए। हालांकि, सीआईडी की जांच जारी रहेगी। इसके साथ ही अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 5 मार्च को तय की है।

### क्या है पूरा मामला?

*बता दें कि, आरोपी अक्षय शिंदे को अगस्त 2024 में बदलापुर स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 23 सितंबर 2024 को उसे पुलिस ने कथित मुठभेड़ में मार दिया, जबकि उसे तलोजा जेल से कलीमान पूछताछ के लिए लाया गया था। इस मुठभेड़ को लेकर पुलिस ने दावा किया कि आरोपी अक्षय शिंदे ने एक पुलिसकर्मी का बंदूक छीनकर फायर किया था, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी गोलीबारी की। बता दें कि, स्कूल में दो बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न की घटना से पूरे इलाके में आक्रोश देखा गया था। जानकारी के मुताबिक चार और छह साल की बच्चियों के साथ यह घटना 12 और 13 अगस्त को घटी थी। दरअसल, आरोपी अक्षय शिंदे को 1 अगस्त को टॉयलेट साफ करने के लिए अनुबंध के आधार पर स्कूल में भर्ती किया गया था।*

# सड़क के गड्ढे ने ली डॉक्टर की जान

सुरेश चौहान | उल्हासनगर

महानगरपालिका क्षेत्र में खराब सड़कों और गड्ढों के कारण एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें सरकारी सेंट्रल अस्पताल के डॉक्टर हनुमंत डोईफोडे (35) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। नागरिकों और अस्पताल के कर्मचारियों ने मनपा प्रशासन और ठेकेदार को उनकी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

### गड्ढे के कारण बाइक फिसली, मौके पर हुई मौत



डॉ. डोईफोडे स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में अस्पताल के प्रसूति वार्ड में कार्यरत थे। मंगलवार दोपहर वे कल्याण के कोलसेवाड़ी स्थित अपने घर लौट रहे थे, तभी उल्हासनगर-3 के हीराघाट रोड पर गड्ढे के कारण उनकी बाइक फिसल गई। संतुलन बिगड़ने से वह गिर पड़े और सिर व फेफड़ों में गंभीर चोटें आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। डॉ. डोईफोडे अपने पीछे माता-पिता, पत्नी और छह महीने की बेटी को छोड़ गए हैं। उनका पार्थिव शरीर बीड जिले के केज में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया है।

### नागरिकों में रोष, मनपा की लापरवाही पर सवाल

शहरवासियों और अस्पताल के डॉक्टरों ने मांग की है कि मनपा प्रशासन और ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। सड़कों की दुर्दशा और प्रशासन की अनदेखी को लेकर स्थानीय लोग गुस्से में हैं और जल्द से जल्द गड्ढों को भरने की मांग कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शनि शिंगणापुर में अब केवल ब्रांडेड तेल से होगा अभिषेक

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शनि शिंगणापुर मंदिर ट्रस्ट और ग्रामसभा ने 1 मार्च 2025 से शनि देव की शिला पर केवल ब्रांडेड खाद्य तेल से अभिषेक करने का निर्णय लिया है। यह फैसला शिला की सुरक्षा और संरचना को बनाए रखने के लिए लिया गया है, क्योंकि मिलावटी या अनियंत्रित गुणवत्ता वाले तेल शिला को नुकसान पहुंचा सकते हैं। मंदिर ट्रस्ट का मानना है कि कुछ तेलों में मौजूद पैराफिन जैसे तत्व शिला के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। इसलिए, अब श्रद्धालुओं द्वारा लाए गए तेल की गुणवत्ता की जांच होगी, संदेह होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा या FSSAI परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों ने इस फैसले का स्वागत किया है। उनका मानना है कि अगर लोग अपने उपभोग के लिए शुद्ध तेल का उपयोग करते हैं, तो भगवान के अभिषेक के लिए भी शुद्धता जरूरी है। फिलहाल, शिला पर चढ़ाए गए तेल को 20,000 लीटर की टंकी में संग्रहित कर टेंडर प्रक्रिया के तहत निस्तारित किया जाता है। ब्रांडेड तेल के उपयोग के बाद भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी, और व्यापारी से यह बांड लिया जाएगा कि यह तेल खाद्य उपयोग के लिए नहीं होगा।

### एक करोड़ 25 लाख का सोना बरामद

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में सोना तस्करी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कस्टम विभाग को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट (CSMIA) पर कस्टम विभाग की टीम ने लाखों रुपये की सोना तस्करी को नाकाम कर दिया। बैंकॉक की वेटजेट एयरलाइंस से उतरे दंपति को संदेह पर ग्रीन चैनल के पास रोका गया। सूत्रों ने बताया कि कस्टम विभाग को गोपनीय जानकारी मिली थी कि बैंकॉक की फ्लाइट से सोना आने वाला है। ग्रीन चैनल पर पति पत्नी के एक्स रे से खुलासा हुआ कि रेक्टम में सोना छिपाया गया है। कस्टम विभाग को गोल्ड डस्ट के 6 पैकेट मिले। दोनों के पास गोल्ड डस्ट का 3-3 पैकेट था। कस्टम विभाग ने बताया कि बरामद 1530 ग्राम सोने की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ 25 लाख 93 हजार 354 रुपये है। मोहम्मद वासिफ शेख ने पूछताछ में बताया कि पत्नी को सोना भारत ले जाने के मकसद की जानकारी नहीं थी। कस्टम विभाग ने बताया कि पति पत्नी को बैंकॉक साइट सीन करवाने के लिए ले गया था। बैंकॉक से भारत वापसी के दौरान पत्नी ने पति की बात को मान लिया।


# डाइंग और उद्योगों से करोड़ों की वसूली

**विधायक ने की जांच और निलंबन की मांग**

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

कल्याण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों पर उद्योगों से जबरन वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। भिवंडी पश्चिम के विधायक महेश चौघुले ने सीएम देवेंद्र फडणवीस और पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर उन्हें निलंबित किया जाए।

### उद्यमियों से हो रही अनावश्यक वसूली



विधायक चौघुले ने आरोप लगाया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी उद्योगपतियों को मनमाने तरीके से परेशान कर रहे हैं और अवैध वसूली कर रहे हैं। भिवंडी में पावरलूम, डाइंग और साइजिंग से जुड़े हजारों उद्योग हैं, जो हजारों लोगों को रोजगार देते हैं। लेकिन अधिकारियों की मनमानी के कारण उद्यमियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### टायर कंपनी में आग, बोर्ड की लापरवाही उजागर

विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि वाडा तालुका के वडावली में एक टायर कंपनी को बिना आवश्यक परमिट के शुरू करने की मंजूरी दी गई, जिसमें वहां भीषण आग लग गई और करोड़ों का नुकसान हुआ। यह लापरवाही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की मिलीभगत को दर्शाती है।

### जांच और निलंबन की मांग


विधायक चौघुले ने कल्याण क्षेत्रीय अधिकारी सौजन्या पाटिल और अन्य दोषी कर्मचारियों की एसीबी से जांच कराने और उन्हें निलंबित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उद्योगों को बचाने और रोजगार सुरक्षा के लिए भ्रष्टाचार पर रोक लगाना आवश्यक है। हालांकि, इस मुद्दे पर कल्याण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# बेहोश मरीज से छेड़छाड़ के आरोपी को कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

राजेश जायसवाल | मुंबई

मुंबई के दिंडोशी सत्र न्यायालय ने एक 29 वर्षीय वार्ड बॉय को अग्रिम जमानत दी, जिस पर एक बेहोश मरीज के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप था। कोर्ट ने कहा कि आवेदक एक युवा व्यक्ति है, आवेदक की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जांच एजेंसी के अधिकारों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए कठोर शर्तें लगाकर जांच का उद्देश्य पूरा किया जा सकता है।

### क्या है मामला?



यह केस चर्कोप पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि वह गले की बीमारी के कारण एक अस्पताल में भर्ती थी। 8 फरवरी 2025 को दोपहर 12 बजे उसे दवाई दी गई, जिससे वह नींद में चली गई। उसी दौरान उसे महसूस हुआ कि कोई उसके दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से को छू रहा है। जब उसने आंखें खोलीं और देखा कि वार्ड बॉय ने उसके पैर को कसकर पकड़ रखा है और फिर उसने अपनी आंख झपकाई। महिला ने कहा कि वह इस घटना से डर गई और जोर से चिल्लाई, जिसके बाद नर्स मौके पर पहुंची। बाद में उसने अपने पति को पूरी घटना बताई और पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

### वार्ड बॉय का बचाव और अभियोजन पक्ष का तर्क

वार्ड बॉय के वकील श्यामबहादुर कनौजिया ने दलील दी कि आरोप निराधार हैं और यह मामला झूठा दर्ज कराया गया है। हालांकि अतिरिक्त सरकारी वकील उषा जाधव ने जमानत का विरोध करते हुए तर्क दिया कि आरोपी ने यौन इरादे से महिला के शरीर को छुआ और उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि आरोपी ने पीड़िता के टखने से जांघ तक छुआ। जिससे स्पष्ट होता है कि उसका इरादा गलत था। ये महिलाओं के खिलाफ एक गंभीर अपराध है। पुलिस को इस घटना की गहराई से जांच करनी होगी।


# ट्रेडिंग ऐप के लालच में गंवाए 1.20 करोड़ रुपये

**साइबर क्राइम का मामला दर्ज**

धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे

ऑनलाइन ट्रेडिंग ऐप के जरिए ठगी की एक और घटना सामने आई है, जिसमें आईटी सेक्टर में काम करने वाले एक व्यक्ति से 1 करोड़ 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई। कोपरी पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले के अनुसार, 55 वर्षीय विनोद शर्मा (परिवर्तित नाम) ने अधिक मुनाफा कमाने के लालच में इस फर्जी ऐप में निवेश किया।

### शुरुआती मुनाफे का झांसा देकर फंसाया



विनोद ने पहले 40-50 हजार रुपये का मुनाफा कमाया, जिससे उन पर ऐप में विश्वास बढ़ा। इसके बाद, जनवरी से फरवरी के बीच उन्होंने 2 से 4 लाख रुपये के कई निवेश किए। जब उन्हें बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद थी, तभी ऐप अचानक बंद हो गया और वह ठगी का शिकार हो गए।

### साइबर सेल को सौंपी गई जांच

कोपरी पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज कर इसे साइबर विभाग को जांच के लिए सौंप दिया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निशिकांत विश्वकर ने नागरिकों से सतर्क रहने और अधिकृत एजेंट या विश्वसनीय ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही निवेश करने की अपील की है।

### सरकार की चेतावनी – अनजान लिंक न खोलें

साइबर अपराधों में वृद्धि को देखते हुए सरकार लगातार जन जागरूकता संदेश जारी कर रही है, जिसमें अनजान कॉल, व्हाट्सएप मैसेज और सोशल मीडिया लिंक न खोलने की सलाह दी गई है।

# पुलिस ने नाबालिग की शादी रुकवाई, 10 पर मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

शहर में बाल विवाह का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां महिला एवं बाल विकास विभाग और हिललाइन पुलिस ने मिलकर 16 वर्षीय नाबालिग लड़की की शादी रोकने में सफलता प्राप्त की।



### गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई

महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचना मिली थी कि उल्हासनगर-5 स्थित एक हॉल में नाबालिग लड़की की शादी कराई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस और विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर शादी रुकवा दी।

### शादी समारोह में मचा हड़कंप

पुलिस की टीम मंडप में पहुंची तो मेहमानों में अफरा-तफरी मच गई। दस्तावेजों की जांच में लड़की की उम्र 16 वर्ष होने की पुष्टि हुई, जिससे बाल विवाह का मामला उजागर हो गया।

### 10 लोगों पर केस दर्ज, जांच जारी

बाल विवाह प्रतिबंध अधिनियम के तहत लड़की के माता-पिता, दूल्हे के माता-पिता और अन्य 10 लोगों के खिलाफ हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस शादी में सहयोग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

# 25 लाख की एमडी ड्रग्स जब्त

डीबीडी संवाददाता | पालघर

कासा पुलिस ने चारोटी इलाके में 25 लाख रुपये की एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग्स जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, कासा पुलिस स्टेशन की टीम गश्त पर थी, तभी एक संदिग्ध व्यक्ति बैग लेकर जाता दिखा। तलाशी लेने पर बैग में कपड़ों के अंदर एक पॉलिथीन बैग मिला, जिसमें सफेद कागज में लपेटी हुई पुड़िया थीं।



### 125 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद

स्थानीय अपराध शाखा ने जांच में पुष्टि की कि बरामद पदार्थ एमडी ड्रग्स है। इसका कुल वजन 125 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये बताई जा रही है।

### मुंबई जा रहा था आरोपी

गिरफ्तार आरोपी की पहचान राज बबन शेळल (26 वर्ष, निवासी बांद्रा, मुंबई) के रूप में हुई है। वह अहमदाबाद से मुंबई जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टोरेस जैसी धोखाधाड़ी का मामला

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

दहिसर इलाके में टोरेस घोटाले जैसा मामला सामने आया है। जहां 6 फीसदी रिटर्न का झांसा देकर बीस निवेशकों से 12.70 करोड़ रुपए की ठगी हो गई। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद दहिसर पुलिस स्टेशन ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ठगी की रकम 10 करोड़ से ज्यादा होने के चलते इस मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंप दी गई है।

### दहिसर में 12.70 करोड़ की ठगी




### ऐसे खुला प्रकरण

दहिसर इलाके में रहनेवाले एक शख्स को उसके दोस्त ने बताया कि क्रेडिट कार्ड के पैसों का निवेश करके उसे 6 फीसदी रिटर्न मिल सकता है। इस पर विश्वास दिलाने के लिए उसे बोरीवली के एक कार्यालय में ले जाया गया, जहां मौजूद शख्स ने उसे निवेश की योजना समझाते हुए अच्छे रिटर्न का दावा किया। इसमें सुरक्षा के तौर पर शख्स (शिकायतकर्ता) के दोस्त पर जिम्मेदारी सौंपी गई। इस पर विश्वास करते हुए शख्स ने निवेश करने के लिए हामी भर दी। इसके बाद शख्स के क्रेडिट कार्ड से एक लाख रुपए अगले दिन निकाल लिये गए। इसके बाद शख्स के दूसरे क्रेडिट कार्ड से भी पांच लाख रुपए निकाल लिये गए। इस बीच निवेशक को आरोपियों की तरफ से 20 लाख रुपए की निवेश रकम जल्द लौटाने का आश्वासन आरोपियों की ओर से किया जाता रहा।

इसके बाद अगस्त में आरोपियों ने शख्स से 60 लाख रुपए की मांग की। लेकिन तब तक शख्स ने निवेश बंद कर दिया था। इस दौरान अपने निवेश के पैसों को वापस करने को लेकर जब पीड़ित शख्स पूछताछ करता तो आरोपी उसे सीधे जवाब नहीं देते थे। इसके बाद पीड़ित शख्स ने दहिसर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया। पुलिस स्टेशन में शख्स को पता चला कि कई अन्य लोग भी इसी तरह से धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। इस पूरे मामले में धोखाधड़ी की रकम 12.70 करोड़ रुपए होने के कारण इसकी जांच ईओडब्ल्यू को सौंप दी गई है।

# सीसी रोड निर्माण में अनियमितता का आरोप

**भाजपा नेता ने दी आंदोलन की चेतावनी**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में बीएमसी द्वारा सड़कों के सीमेंट कांक्रीटीकरण (सीसी रोड) का कार्य जारी है, लेकिन इसकी धीमी गति और अनियमितताओं को लेकर भाजपा नेता मकरंद नार्वेकर ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी को पत्र लिखकर कोलाबा में रुके हुए कार्यों को शीघ्र पूरा करने की मांग की है।



### बीएमसी अधिकारियों और ठेकेदारों पर मिलीभगत का आरोप

पूर्व भाजपा नगरसेवक नार्वेकर ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि बीएमसी इंजीनियरों और ठेकेदारों के बीच मिलीभगत के कारण सड़कों की खुदाई अधूरी पड़ी है, जिससे स्थानीय लोग परेशान हैं। कोलाबा के फर्स्ट पास्ता लेन और विंडी हॉल लेन की सड़कों पर आंशिक रूप से काम बंद पड़ा है, जिससे निवासियों को भारी असुविधा हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, तो वे स्थानीय रहवासियों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। बीएमसी द्वारा शुरू की गई सीसी रोड परियोजना में शहर के कई इलाकों में काम की गति धीमी रही है। कोलाबा की प्रमुख सड़कें अक्टूबर 2024 से खुदी पड़ी हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# रिक्शा चोर गिरोह का पर्दाफाश

**10 लाख के 11 रिक्शा जब्त**

शरीफ अंसारी | भिवंडी

शहर में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई करते हुए भिवंडी क्राइम ब्रांच ने रिक्शा चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर धुले से 10 लाख रुपये के 11 ऑटोरिक्शा बरामद किए हैं। इस कार्रवाई से छह मामलों को सुलझाने में सफलता मिली है।



### कैसे हुआ खुलासा?

शांतिनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज रिक्शा चोरी मामले की जांच करते हुए क्राइम ब्रांच ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों का पता लगाया। जांच के दौरान अरबाज अल्ताफ शाह (27) और सोहेल उर्फ साहिल अल्ताफ शाह (30) का नाम सामने आया, जो धुले के तिरंगा चौक के निवासी हैं।

### क्राइम ब्रांच की रणनीति और गिरफ्तारी

गुप्त सूचना के आधार पर अरबाज शाह के भिवंडी आने की खबर मिली। पुलिस ने के.जी.एन रोड, 60 फुट रोड, पाइपलाइन रोड, शांतिनगर में जाल बिछाया। अरबाज शाह को गिरफ्तार किया गया, जिससे पूछताछ के बाद आरिफ मोहम्मद हुसैन खान (29) का नाम सामने आया। आरिफ खान को उसके घर से हिरासत में लिया गया, जिसके बयान के आधार पर 11 रिक्शा बरामद किए गए।

### फरार आरोपी की तलाश जारी

भिवंडी क्राइम ब्रांच अब फरार आरोपी सोहेल उर्फ साहिल अल्ताफ शाह की तलाश कर रही है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनावणे ने बताया कि पुलिस जल्द ही फरार आरोपी को पकड़ने के लिए अभियान चला रही है।

लाडकी बहिन योजना

# फरवरी किस्त का भुगतान शुरू

## 9 लाख महिलाएं हुईं बाहर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार की मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना के तहत फरवरी महीने की किस्त का भुगतान 26 फरवरी से शुरू हो गया है। महिलाओं को 1500 प्रति लाभार्थी की राशि उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है।



### डिप्टी सीएम अजित पवार ने दी थी जानकारी



डिप्टी सीएम अजित पवार ने 15 फरवरी को बताया था कि उन्होंने 3500 करोड़ रुपये की राशि मंजूर कर दी है, लेकिन भुगतान में तकनीकी कारणों से देरी हुई। विपक्ष ने इस देरी को लेकर सरकार की आलोचना की थी।

### 9 लाख महिलाओं को नहीं मिला लाभ

जनवरी में 2.41 करोड़ महिलाओं को योजना के तहत पैसा मिला था। फरवरी में सत्यापन प्रक्रिया के बाद लाभार्थियों की संख्या 9 लाख कम हो गई। सरकार के अनुसार, सत्यापन के चलते अपात्र लाभार्थियों को हटाया गया है। राज्य की कमजोर आर्थिक स्थिति के बावजूद महायुति सरकार ने महिलाओं से किया वादा निभाया और योजना की किस्त जारी कर दी।

### तकनीकी कारणों से हुई देरी

वित्त विभाग ने महिला एवं बाल विकास विभाग को फंड जारी कर दिया था, लेकिन तकनीकी दिक्कतों के कारण भुगतान में देरी हुई, जिससे महिलाओं को कुछ दिन इंतजार करना पड़ा। अब फरवरी की किस्त जारी होने से लाभार्थी महिलाओं को राहत मिली है।



दिव्यांगों को रोजगार के अवसर

# सरकार करेगी निजी संस्था से करार: सीएम

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार दिव्यांग युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 'यूथ फॉर जॉब्स' संस्था के साथ जल्द ही करार करेगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह जानकारी देते हुए कहा कि दिव्यांगों को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। सरकार अगले पांच वर्षों में पंजीकृत दिव्यांगों को विशिष्ट पहचान पत्र (यूडीआईडी) जारी करेगी, जिससे वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। यूथ फॉर जॉब्स संस्था पहले चरण में विदर्भ और उत्तर महाराष्ट्र में रोजगार सृजन के लिए सरकार और जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करेगी।

### रोजगार मेले से मिलेंगे अवसर

मीरा शेनॉय की अध्यक्षता वाली यूथ फॉर जॉब्स संस्था ने गडचिरोली में दिव्यांगों को प्रशिक्षण देकर रोजगार मेले आयोजित किए हैं, जहां एचपीसीएल, बीपीसीएल और ऑटोमोबाइल कंपनियों ने दिव्यांगों को नौकरी के मौके दिए।

# बुनियादी ढांचे के विकास में महाराष्ट्र को केंद्र का पूरा समर्थन : पीयूष गोयल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने महाराष्ट्र सरकार को आश्वासन दिया है कि केंद्र सरकार शहरी पुनर्विकास और बुनियादी ढांचे के विकास में पूरी सहायता प्रदान करेगी।
उन्होंने यह बयान मुंबई में 15 स्व-पुनर्विकसित हाउसिंग सोसायटियों की चाबियां वितरित करने के अवसर पर दिया।



### बेघर लोगों को पक्के घर देने की प्रतिबद्धता

गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बेघर लोगों और झुग्गीवासियों को पक्के घर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल से न सिर्फ परिवारों का भविष्य सुरक्षित होगा, बल्कि आवासीय पुनर्विकास को भी गति मिलेगी।

### मेट्रो और अस्पताल जैसी परियोजनाएं

मागठाने मेट्रो स्टेशन के पास 1000 बिस्तरों वाले अस्पताल का निर्माण तेजी से चल रहा है। पश्चिम कांदिवली में भी एक और 1000 बिस्तरों वाला अस्पताल बनाने की योजना है। कॉस्टल रोड (वर्ली-बांद्रा) का विस्तार वर्सोवा तक किया जाएगा। अटल सेतु के जरिए नए एयरपोर्ट को जोड़ने वाली तटीय सड़क के प्रस्ताव की भी सराहना की गई।

### आवासीय पुनर्विकास को मिलेगा बढ़ावा

गोयल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में चल रही स्व-पुनर्विकास योजना की सराहना की। उन्होंने इसे शहरी विकास में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम बताया और भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार महाराष्ट्र की इस पहल को हरसंभव सहयोग देगी।

### मुंबई में प्रदूषण और यातायात प्रबंधन पर जोर

मुंबई में जल निकायों को प्रदूषित करने वाले अशोधित सीवेज जल के उचित प्रबंधन के लिए 26,000 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। गोयल ने कहा कि ये परियोजनाएं मुंबई में ट्रैफिक कम करने और कनेक्टिविटी सुधारने में अहम भूमिका निभाएंगी।

# कमाल खान ने की हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मामलों को रद्द करने की मांग

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

फिल्म अभिनेता कमाल खान ने बांबे हाई कोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज मामलों को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने दावा किया है कि वे निर्दोष हैं और उन्हें झूठा फंसाया गया है।



### 2017 में धनुष पर की थी टिप्पणी

2017 में सोशल मीडिया पर अभिनेता धनुष और उनके सह-कलाकारों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में खान पर मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने ट्वीट किया था कि कोई भी महिला धनुष को छूने की अनुमति कैसे दे सकती है। इस मामले में महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने और अभिनेता की अश्लील तस्वीर साझा करने के आरोप लगे थे।

### 2024 में लाइसेंसी बंदूक मामले में फंसे

2024 के विधानसभा चुनाव के दौरान अपनी लाइसेंसी बंदूक जमा न करने पर खान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस जब हथियार जब्त करने उनके घर पहुंची तो ताला लगा मिला। इस पर पुलिस ने आरोपपत्र दायर कर लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया था।

### हाईकोर्ट में मामला लंबित

बाद में कमाल खान ने हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान बंदूक सौंप दी, जिसके बाद एलओसी रद्द कर दी गई। उन्होंने दावा किया कि जब उन्हें हथियार जमा करने का आदेश दिया गया, तब वे लंदन में थे। यह पहली बार नहीं है जब खान ने किसी मामले को रद्द करने की अपील की है, इससे पहले भी वे एक अन्य केस में हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके हैं।

# पूर्व मंत्री गुलाबराव देवकर जांच के घेरे में

## 10 करोड़ के ऋण घोटाले का आरोप

**मुंबई/जलगांव।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और पूर्व मंत्री गुलाबराव देवकर पर जलगांव जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक से 10 करोड़ रुपये के ऋण गबन का आरोप लगा है। सहकार विभाग ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं, जिससे देवकर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 2021-22 में जलगांव जिला बैंक के अध्यक्ष रहते हुए, देवकर ने श्री कृष्ण शैक्षणिक और सांस्कृतिक संस्थान के नाम पर 10 करोड़ रुपये का ऋण लिया।

# 'सीएम बनने के लिए शिंदे रच रहे साजिश'

## 'ऑपरेशन टाइगर' महज दिखावा : उद्धव गुट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना (शिंदे गुट) और शिवसेना (उद्धव गुट) के बीच टकराव जारी है। उद्धव गुट के सांसद संजय उर्फ बंडू जाधव ने दावा किया है कि 'ऑपरेशन टाइगर' केवल दिखावा है और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे इसे दोबारा सत्ता हासिल करने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।



### शिंदे बना रहे बीजेपी पर दबाव?

जाधव का कहना है कि शिंदे उद्धव गुट के सांसदों को तोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर दबाव बनाना चाहते हैं ताकि उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनने का मौका मिले। हालांकि, उनका दावा है कि बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व शिंदे की मंशा को भांप चुका है और उन्हें समर्थन नहीं मिलेगा।

### 'ऑपरेशन टाइगर' बेअसर, कोई सांसद नहीं टूटेगा

संजय जाधव ने कहा कि शिंदे गुट अब तक केवल कुछ पूर्व विधायकों, नगरसेवकों और छोटे पदाधिकारियों को तोड़ने में सफल हुआ है, लेकिन उद्धव गुट के 9 सांसद पूरी तरह से एकजुट हैं और कोई भी शिंदे के साथ नहीं जाएगा। सांसद जाधव ने वर्तमान राजनीति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब राजनीति में अवसरवाद हावी हो गया है और निष्ठा का कोई मूल्य नहीं बचा है।

# मुंबई मेट्रो परियोजना पर भ्रष्टाचार के आरोप

## शिंदे ने दिए जांच के आदेश

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र से पहले मुंबई मेट्रो रेल परियोजना को लेकर सियासत गरमा गई है। फ्रांसीसी कंपनी सिस्ट्रा एमवीए कंसल्टिंग (इंडिया) प्रा. लि. ने मुंबई मेट्रो की नोडल एजेंसी मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। इस मामले में अदालत ने भी एमएमआरडीए द्वारा कंपनी का अनुबंध समाप्त करने के नोटिस को खारिज कर दिया है।



### विपक्ष के निशाने पर एकनाथ शिंदे

इस विवाद के चलते नगर विकास मंत्री और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं। आरोप है कि कंपनी को अनावश्यक लाभ पहुंचाया गया और भुगतान में देरी की गई।


### असीम गुप्ता करेंगे जांच

एकनाथ शिंदे ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम कुमार गुप्ता को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने 15 दिनों में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। यह मामला बजट सत्र में विपक्ष द्वारा जोरशोर से उठाया जा सकता है, जिससे महाराष्ट्र सरकार के लिए नई मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

# लिव-इन पार्टनर के हत्यारे की बॉम्बे हाईकोर्ट ने 4 साल सजा घटाई

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने एक अहम फैसले में कहा कि एक व्यक्ति, जिसे अपनी लिव-इन पार्टनर की बेरहमी से पिटाई कर हत्या करने का दोषी ठहराया गया था, पिछले 15 साल से ज़मानत पर था, इसलिए उसकी सजा 10 साल से घटाकर 6 साल की जा सकती है। जस्टिस जी.ए। सनप की बेंच ने कहा कि घटना के समय आरोपी की उम्र 29 वर्ष थी। अब 15 वर्ष बीत चुके हैं, ऐसे में 6 साल की सजा न्याय के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगी। हालांकि, अदालत ने आरोपी की दोषसिद्धि को बरकरार रखा और इसे मृतका की 12 वर्षीय बेटी के बयान के आधार पर 'विश्वसनीय और भरोसेमंद' बताया। बेंच ने कहा कि बाल गवाह को बहकाने की संभावना होती है, लेकिन घटना के दिन बच्ची 12 वर्ष की थी। उसके बयान की गहराई से जांच करने पर यह कल्पना या सिखाया हुआ नहीं लगता। उसकी जिरह में भी उसके बयान की मूल बातें प्रभावित नहीं हुई हैं।



### क्या था मामला?

कोर्ट अमरावती निवासी महादेव खंडालकर द्वारा दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसे 2007 के हत्याकांड के मामले में दोषी ठहराया गया था। जिसमें उसके लिव इन पार्टनर ने 13 चोटों के कारण दम तोड़ दिया था। यह मामला अर्चना की मौत के इर्द-गिर्द घूमता है, जो अपनी पहली शादी टूटने के बाद महादेव खंडालकर के साथ रिश्ते में थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार 10 नवंबर 2007 को महादेव खांडलकर ने अर्चना की वफादारी पर शक करते हुए बेल्ट और बेलन से उसकी बेरहमी से पिटाई की। यह हमला अमरावती स्थित उनके घर में हुआ, जहां अर्चना अपनी पहली शादी से हुए दो बच्चों के साथ रहती थी। खंडालकर ने घटना के दौरान टीवी और टेप रिकॉर्डर की आवाज़ बढ़ा दी और बच्चों को धमकाया, जिससे वे डरकर सोफे पर बैठकर घटना को देखते रहे। हमले में अर्चना को गंभीर चोटें आईं, जिसमें सिर पर घातक चोट भी शामिल थी।

### बेटी की गवाही से साबित हुआ अपराध

बच्चों ने पुलिस को बताया कि जब उनकी मां बेहोश हो गई, तो खंडालकर घर का दरवाजा बाहर से बंद करके चला गया। बच्चों ने अपनी मां को जगाने की कोशिश की, लेकिन जब वह होश में नहीं आईं, तो उन्होंने शोर मचाया। मकान मालिक की बेटी ने दरवाजा खोला और पुलिस को सूचना दी। ट्रायल कोर्ट ने खंडालकर को दोषी ठहराते हुए 10 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई थी।

### दोनों पक्षों ने दिए ये तर्क

अपील के दौरान खंडालकर की ओर से पेश हुए वकील डी.एस। धरास्कर ने तर्क दिया कि दोषसिद्धि एक बाल गवाह की गवाही पर आधारित थी, जिसके बारे में उनका दावा है कि कथित तौर पर सिखाए जाने के कारण यह अविश्वसनीय थी, यह भी तर्क दिया कि चोटें दुर्घटना के कारण हो सकती हैं। दूसरी ओर अतिरिक्त लोक अभियोजक एजी मेटे ने कहा कि एक 12 वर्षीय बच्ची मात्र कल्पना से इतनी विस्तृत घटना का वर्णन नहीं कर सकती। इसके अलावा, मेडिकल रिपोर्ट भी बच्ची के बयान की पुष्टि करती है, जिसमें मृतका के शरीर पर कई गहरे घाव और सिर पर घातक चोट दर्ज की गई थी।

**पश्चिम रेलवे**

**टीआरडी कार्य**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (उप), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई- 400 008, **ई-निविदा सूचना संख्या: WR-MMCTOESUB(ESOT)/4/2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम:** चर्चगेट-विरार सेक्शन में गोरेगांव में असुरक्षित शियर लोडिंग फुट ओवर ब्रिज को नए 6 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज से बदलने के संबंध में टीआरडी कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** 30,66,523/- **बोली सुरक्षा:** 61,300/- **प्रस्तुत करने की तिथि और समय:** 24.03.2025, 15:00 बजे तक। **खोलने की तिथि और समय:** 24.03.2025 को 15:30 बजे। **वेबसाइट विवरण:** निविदा को वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से देखा और प्रस्तुत किया जा सकता है। 1118

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सिग्नलिंग कार्य**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (उत्तर), द्वितीय तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400 008, **ई-निविदा संख्या: SG_216_2_88_WA दिनांक: 24.02.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थान:** मुंबई मंडल के विरार-सूरत खंड में VAPI में RGM साइडिंग के प्रावधान के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** 53,75,988/- **ईएमडी:** 1,07,500/- **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने के लिए बंद होने का समय एवं तिथि:** 17.03.2025 को 15:00 बजे तक। **ई-निविदा खोलने का समय एवं तिथि:** 17.03.2025 को 15:30 बजे। निविदा को वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। 1116

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं के लिए मण्डल रेल प्रबंधक (सं.एवं.दु.सं.) छ.शि.म.ट. मुंबई, पहली मंजिल पार्सल कार्यालय भवन, प्लेटफार्म क्रमांक 13 के पास, मध्य रेल, छ.शि.म.ट. मुंबई 400001, प्रतिष्ठित ठेकेदार से ऑनलाइन खुली निविदा बुलाना आमंत्रित करते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवम समय 24/03/2025 को 15.00 बजे होगा । **निविदा सूचना न.: सी आर – बी बी – दु.सं. – 2025–12 कार्य का नाम:** मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन में सीएसएमटी स्टेशन पर बोगी/कोच स्थिति संकेतक बोर्ड और मेन लाइन संकेतक बोर्ड, कोच मार्गदर्शन प्रणाली, ट्रेन सूचना प्रदर्शन, डेटा नेटवर्क उपकरण और अन्य दूरसंचार परिसंपत्तियों सहित विभिन्न यात्री सुविधा वस्तुओं की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **लगभग मूल्य:** 9,65,09,525/– **बयाना राशि जमा:** 6,32,600/– **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय:** 24/03/2025 को 15:00 बजे। **वैधता:** 60 दिन **समापन अवधी:** 12 महीने निविदा का पूरा विवरण, शुद्धिपत्र और पूरे निविदा दस्तावेज भारतीय रेल के कार्यालयीन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा का पूरा विवरण म.रे.प्र. (सं. एवं दु.सं.) के कार्यालय के सूचनाफलक (नोटिसबोर्ड) पर भी उपलब्ध है। यह निविदा सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017\ दिनांक 15.06.2017 (Public Procurement Policy Order 2017\ dated 15.06.2017) का अनुपालन करती है 803

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या-1**

मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय सवारी डिब्बा कारखाना माटुंगा, मुंबई-400019. **निविदा संख्या:-ईएमयु/माटुंगा/एचटी टीएम डक्ट/09-24 कार्य का विवरण:** 'सिमेंस मोटर कोचो के एचटी एंड के ट्रैक्शन मोटर के स्टेनलेस स्टील एयर डक्ट की डिजाइन आपूर्ति फिटमेंट और कमीशनिंग करना।' **मात्रा:** 356 नग (**समापन अवधी:** 24 माह) **निविदा सूचना: ईएमयु/ माटुंगा/एचटी टीएम डक्ट/09-24** के संदर्भ मे **शुद्धिपत्र संख्या-1 दिनांक 20.02.2025** को वेबसाईट पर अपलोड किया गया है। 802

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**

**उन्नयन एवं मरम्मत कार्य**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013, **ई-टेंडर नोटिस संख्या : ईएल/डब्ल्यूए/पीएल/2024-25/53 आमंत्रित करता है। कार्य का नाम:** 25 किलोवाट के दोषपूर्ण विभिन्न मेक ईआरआरयू को आरडीएसओ स्पेक संख्या आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0013-2011(रेव-3) या नवीनतम कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, लोअर परेल में अपग्रेड करने के साथ मरम्मत/पुनर्वास। **कार्य की अनुमानित लागत:** 70,20,897/- **ईएमडी:** 1,40,400/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय:** 18.03.2025,12:00 बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि:** 18.03.2025 को 12:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 1120

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**पीने योग्य पेयजल की आपूर्ति**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008, **ई-टेंडर सूचना संख्या: बीसीटी/24-25/292 दिनांक 24.02.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान:** माटुंगा रोड-माटुंगा रोड स्टाफ कॉलोनी, माटुंगा रोड ऑफिसर्स फ्लैट, दादर कॉलोनी, माहिम स्क्रैप यार्ड और माहिम जंक्शन रनिंग रूम में 730 दिनों की अवधि के लिए टैंकरों द्वारा पीने योग्य पेयजल की आपूर्ति। **कार्य की अनुमानित लागत:** 23,13,848.88 **ईएमडी:** 46,300/- **जमा करने की तिथि और समय:** 21.03.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 21.03.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 1119

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**सामग्री के प्रापण हेतू**

**निविदा सं. 1/2025 दिनांक 24.02.2025** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबन्धक, मुंबई डिविजन, छ.शि.म.ट., मुम्बई द्वारा निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रानिक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:- **निविदा सं.:** 92255181 **विवरण:** आकार M-25 लॉक नट M 025 के लिए सिंगल पीस स्प्रिंग इंसर्टेड रीयूजेबल सीज नट का निर्माण और आपूर्ति। नट पिच का आकार: 3 मिमी, एचएन: 22 मिमी, बीएन: 38.0 मिमी, सीएन: 43.5 मिमी, एलएन 37 मिमी, एसएन: 38 मिमी ड्राइंग के अनुसार और सामग्री एसटीएस, एस45सी, एससीएम, प्लेटिंग इलेक्ट्रो जिंक प्लेटिंग, मेल्टेड जिंक, निकेल, क्रोम, जिंक पाउडर प्लेटिंग के अनुसार। सैपर लॉक या उसी स्पेसिफिकेशन के साथ अन्य मेक को स्वीकार किया जाता है। **मात्रा:** 3100 नग **विवरण:** आकार M-27 लॉक नट M 027 के लिए सिंगल पीस स्प्रिंग इंसर्टेड रीयूजेबल सीज़ नट का निर्माण और आपूर्ति। नट का आकार:- पिच: 3 मिमी, एचएन: 22 मिमी, बीएन: 41.0 मिमी, सीएन: 47.3 मिमी, एलएन 37.5 मिमी, एसएन: 41.0 मिमी ड्राइंग के अनुसार। सामग्री एसटीएस, एस45सी, एससीएम, प्लेटिंग इलेक्ट्रो जिंक प्लेटिंग, मेल्टेड जिंक, निकेल, क्रोम, जिंक पाउडर प्लेटिंग। सैपर लॉक या उसी स्पेसिफिकेशन वाले अन्य मेक को स्वीकार किया जाता है। **मात्रा:** 2300 नग **धरोहर राशि (रु.) :** रु. 178950/- **खुलने की तिथी:** 17.03.2025 **नोट:- 1.** उपरोक्त निविदाएं **IREPS** वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। फर्म, जो उपरोक्त ई-निविदा में भाग लेने के इच्छुक हों, को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाईट पर अपना ईलेक्ट्रोनिक पंजीकरण करा लें। इस ई-निविदा के लिए हस्तलिखित निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। **2.** निविदाताओं को धरोहर राशि का भुगतान **IREPS** के माध्यम से ऑन लाइन करना होगा। **3.** इन निविदाओं के विवरण तथा अन्य शर्तों हेतू कृपया **IREPS** वेबसाईट **www.ireps.gov.in** देखें। **4.** किसी शंका हेतू कृपया वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबन्धक, मुंबई डिविजन, छ.शि.म.ट. मुम्बई-400001 को लिखें। ई-मेल: **srdmm@bb.railnet.gov.in 5. नोट:-** "यह निविदा सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017/ दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है।"

**वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबन्धक,**
**छ.शि.म.ट.मुंबई**

808

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

## संपादकीय

# साइबर मकड़जाल

यह खबर परेशान करने वाली है कि म्यांमार और पूर्वी एशिया के कई देशों से जो संगठित साइबर अपराध संचालित हो रहे हैं, उनके चंगुल में बड़ी संख्या में भारतीय युवा भी हैं। हाल ही में म्यांमार के दुर्गम इलाकों में बनाये गए साइबर अपराधियों के अड्डों से सत्तर भारतीय युवाओं को छुड़ाया गया है। जिनको डरा-धमकाकर भारत में साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिये इस्तेमाल किया जाता था। बताया जाता है साल 2022 के बाद म्यांमार, थाईलैंड, लाओस, कंबोडिया आदि से छह सौ से अधिक भारतीयों को अपराधियों के चंगुल से बचाया जा चुका है। आशंका है कि कई हजार भारतीय युवा म्यांमार समेत विभिन्न देशों में साइबर अपराधियों के अड्डों में जबरन रोके गए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय युवा प्रतिभाएं दलालों की साजिश से संगठित साइबर अपराध करने वाले अंतर्राष्ट्रीय अपराधियों के चंगुल में फंस जाती हैं। विडंबना ही है कि हम अपने युवाओं को न तो रोजगार दे पा रहे हैं और न ही विदेशों में अपना भविष्य संवारने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं को फर्जी एजेंटों के चंगुल से बचा पा रहे हैं। आखिर हमारी एजेंसियां ऐसी धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों पर नकेल क्यों नहीं कस पा रही हैं। हाल के दिनों में कई ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं कि युवा अपनी जमीन बेचकर व कर्ज उठाकर विदेश जाते हैं, लेकिन एजेंटों की धोखाधड़ी से वे साइबर अपराधियों के शिकंजे में फंस जाते हैं। दरअसल, साइबर अपराधियों का मकड़जाल इतना मजबूत हो चुका है कि बिना अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के उन पर नियंत्रण कर पाना संभव न होगा। ऐसे वक्त में जब साइबर अपराधियों का नेटवर्क दुनिया की आर्थिकी को चूना लगा रहा है, मिल-जुलकर इनके खिलाफ अभियान चलाना वक्त की जरूरत है। निश्चित रूप से यह एक विकट संकट है, जिसे दुनिया के देशों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह जानते हुए कि साइबर अपराधियों का संगठन लगातार ताकतवर होता जा रहा है और वे समानांतर काली अर्थव्यवस्था चला रहे हैं। दरअसल, हो यह रहा है कि देश-दुनिया में ऑनलाइन फ्रॉड लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वे सुनहरे सपने दिखाकर बेरोजगार युवाओं को फंसाते हैं। उन्हें जगह कोई और बतायी जाती है और अंततः साइबर अपराधियों के अड्डों पर पहुंचा दिया जाता है। युवाओं के पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं। ये अड्डे ऐसी जगहों पर होते हैं कि उस देश की पुलिस की पकड़ में वे आसानी से नहीं आते। हाल के वर्षों में साइबर अपराधी इतने चतुर-चालाक हो गए हैं कि निगरानी करने वाली एजेंसियों की पकड़ से आसानी से बच जाते हैं। हाल ही में जिन सत्तर भारतीयों को म्यांमार में साइबर अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराया गया, उसमें म्यांमार के सीमा सुरक्षा बल की बड़ी भूमिका रही है। इन मुक्त कराए गए भारतीयों में पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना,यूपी व राजस्थान आदि राज्यों के लोग थे। इसी तरह म्यांमार व अन्य पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसे हुए भारतीयों को मुक्त कराने के लिए इन देशों की सरकारों से सहयोग मांगा जाना चाहिए। निश्चित तौर पर साइबर अपराधियों द्वारा संचालित अपराधों की लगातार मजबूत होती काली अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया की आर्थिक व कानूनी सुरक्षा के लिये चुनौती है। दरअसल, इस काले धन से नशे के कारोबार, आतंकवाद और मानवीय तस्करी जैसे अपराधों को अंजाम दिया जाता है। इस संगठित आपराधिक नेटवर्क पर अविलंब अंकुश लगाने की जरूरत है। जिससे न केवल एक तरह से बंधक बनाये गए युवाओं को मुक्त कराया जा सकेगा बल्कि तेजी से बढ़ती ऑनलाइन ठगी पर अंकुश लग सकेगा। दरअसल, इन साइबर अपराधियों की ऑनलाइन धोखाधड़ी के कारण हर साल कई ट्रिलियन डॉलर का नुकसान विभिन्न देशों की सरकारों को हो रहा है। जो दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की जीडीपी के बराबर है। निश्चित तौर पर यह धनराशि दूसरे अपराधों को सींचने में खर्च की जाएगी। एक ओर जहां देश में युवाओं के विदेश जाने वाली व्यवस्था को पारदर्शी व तार्किक बनाने की जरूरत है, वहीं विदेश में भविष्य चमकाने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं को जागरूक व सतर्क करने की जरूरत है ताकि वे साइबर अपराधियों के चंगुल में न फंसें।

## शख्सियत — बेनेगल नरसिंग राऊ

### भारतीय सिविल सेवक, न्यायविद् और संवैधानिक विशेषज्ञ



भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) में राऊ की यात्रा 1910 में शुरू हुई, और वह प्रशासनिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए तेजी से रैंकों में आगे बढ़े। सार्वजनिक सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण उन्हें सरकार में प्रमुख पद मिले और उन्होंने ब्रिटिश भारत के शासन को आकार देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

बेनेगल नरसिंग राऊ, जिनका जन्म 26 फरवरी, 1887 को हुआ था, एक प्रमुख भारतीय सिविल सेवक, न्यायविद् और संवैधानिक विशेषज्ञ थे। मैंगलोर के एक प्रतिष्ठित परिवार से आने वाले राऊ की प्रारंभिक शिक्षा मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज में हुई, जहाँ उन्होंने असाधारण शैक्षणिक कौशल का प्रदर्शन किया। राऊ की उल्लेखनीय भूमिकाओं में से एक भारत की संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार के रूप में थी। उनकी विशेषज्ञता ने भारतीय संविधान के प्रारूपण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, राष्ट्र-निर्माण के इस महत्वपूर्ण चरण के दौरान मूल्यवान अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन प्रदान किया। न्याय, समानता और कानून के शासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने स्वतंत्र भारत के मूलभूत दस्तावेज पर एक अमिट छाप छोड़ी। स्वतंत्रता के बाद, राऊ ने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए राष्ट्र के लिए अपनी सेवा जारी रखी। उन्होंने हेग में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) में पहले भारतीय न्यायाधीश के रूप में कार्य किया, और अंतर्राष्ट्रीय कानून में अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया। अपने प्रशासनिक और कानूनी योगदान के अलावा, राऊ एक विपुल लेखक थे। उनके कार्यों में कानून, शासन और संवैधानिक मामलों पर किताबें और लेख शामिल हैं, जो कानूनी ढांचे में उनकी गहरी समझ और अंतर्दृष्टि को दर्शाते हैं। बेनेगल नरसिंग राऊ की विरासत उनके जीवनकाल से भी आगे तक फैली हुई है। न्याय, निष्पक्षता और संवैधानिक शासन के सिद्धांतों के प्रति उनका समर्पण भारत और उसके बाहर भी कानूनी और प्रशासनिक दिमागों को प्रभावित करता है। 30 नवंबर, 1953 को उनका निधन हो गया, लेकिन भारत के कानूनी और संवैधानिक ढांचे में उनका योगदान एक ऐसे व्यक्ति की याद में कायम है, जिसकी बौद्धिक क्षमता और प्रतिबद्धता ने देश के इतिहास को आकार दिया।

# बढ़ गया है विसंगतियों को प्रश्रय का खतरा

उत्तराखंड की धामी सरकार ने नया भूमि कानून पास तो करा दिया है, लेकिन इस कानून से पहाड़वासियों की नाउम्मीदी ज्यादा बढ़ गयी है। सरकारी पक्ष नये कानून को सख्त बताकर प्रचारित कर रहा है, लेकिन गरीब कास्तकारों के पुरखों की जमीनों के भू-खोरों, धन्नासेठों और गैर-कृषकों द्वारा हड़पने के नये रास्ते खुले बताते हैं। हालांकि, किसी देशवासी के लिये बाहरी शब्द का प्रयोग उचित नहीं है फिर भी जिन लोगों को बाहरी माना जा रहा है, उनके लिये उत्तराखंड में जमीनें खरीदने के लिये पिछले दरवाजे खुले हैं। अब तक गैर-कृषक के लिये जमीनों की खरीद पर बंदिशें थीं, लेकिन अब जिसकी भी उत्तराखंड में अचल सम्पत्तियां हैं उनके लिये भी किसानों की जमीनें खरीदने का रास्ता निकल गया है।

दरअसल, ऊपरी तौर पर हरिद्वार और उधमसिंह नगर को छोड़कर सरकार ने शेष 11 पहाड़ी जिलों में जमीनों की खरीद-फरोख्त पर अंकुश तो लगा दिया, मगर नगर निकाय चाहे कहीं की भी हों, उन्हें इस कानून से मुक्त कर दिया। विधि विशेषज्ञ और भू-कानून के लिए आन्दोलन करने वाले इसे प्रदेश की जनता के साथ छलावा बता रहे हैं।

नये कानून की धारा दो में कहा गया है कि 'नगर निगम, नगर पंचायत, नगरपालिका परिषद, छावनी परिषद क्षेत्रों की सीमा के अन्तर्गत आने वाले और समय-समय पर सम्मिलित किये जा सकने वाले क्षेत्रों को छोड़कर यह कानून सम्पूर्ण उत्तराखंड राज्य में लागू होगा।' उत्तराखंड की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण लोग गांव छोड़कर आसपास के कस्बों में बहुत तेजी से बस रहे हैं इन्हीं नगरीय क्षेत्रों में भूमि की सर्वाधिक खरीद-फरोख्त होती है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, उद्यान, पर्यटन, के लिये निजी न्यास, संस्था, कम्पनी, फर्म, पंजीकृत सहकारी संस्था आदि के लिए भूमि का अन्तरण पर पहले भी प्रतिबंध नहीं था। नयी व्यवस्था में अगर भूमि का अन्तरण जनहित में है तो जमीन चाहने वालों का वास्तविक आंकलन कर भूमि अनिवार्यता प्रमाणपत्र जारी किया जायेगा। साथ ही अन्तरण अनुमति से पूर्व सम्बंधित विभागों द्वारा निवेश की मात्रा, रोजगार सृजन तथा प्लांट और मशीनरी इत्यादि के परिप्रेक्ष्य में प्रस्ताव का आंकलन करते हुए भूमि अनिवार्यता प्रमाणपत्र विभागाध्यक्ष या एक रैंक नीचे के अधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा। कानून में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भूमि अन्तरण की अनुमति केवल हरिद्वार और उधमसिंह नगर में दी जायेगी। अगर भूमि की खरीद-फरोख्त की बंदिशें शेष 11 जिलों के लिये हैं तो उन पहाड़ी जिलों के नगर निकाय क्षेत्र इन दो जिलों की तरह कानून से मुक्त क्यों कर दिये गये? सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस



अधिकारी एवं उ.प्र रेवेन्यू बोर्ड के पूर्व सदस्य सुरेन्द्र सिंह पांगती का कहना है कि उधमसिंह नगर व हरिद्वार में जमीनों की खरीद-फरोख्त में छूट से जमीनें हड़पने हेतु पिछला दरवाजा खुला है।

नये कानून में व्यवस्था की गयी है कि अगर कोई व्यक्ति जो धारा 129 के तहत उत्तराखंड का खातेदार न हो तो उसे रजिस्ट्रार के सामने शपथपत्र देना होगा कि उसके परिवार के किसी भी सदस्य ने आवासीय उद्देश्य के लिये अपने जीवनकाल में 250 वर्गमीटर जमीन नहीं खरीदी है। सरकार को शिकायतें मिली थीं कि कानून का दुरुपयोग करते हुए कुछ लोगों ने परिवार के अन्य सदस्यों के नाम भी 250 वर्गमीटर जमीनें खरीद ली हैं। जबकि मूल कानून में व्यवस्था थी कि एक परिवार एक ही बार जमीन खरीद सकेगा और जमीन खरीदने के बाद भी वह और उसकी पीढ़ियां उत्तराखंड में भूमिधर नहीं

**जयसिंह रावत**

मानी जायेंगी। मूल अधिनियम में कुछ खास श्रेणियों के अलावा निजी तौर पर गैर-कृषकों द्वारा जमीनों की खरीद पर रोक थी। लेकिन नये कानून के अनुसार जिस व्यक्ति की 2003 या उससे पहले उत्तराखंड में अचल सम्पत्ति थी उसे भूमिधर मान लिया गया है। इसलिये उसे भी जमीनें खरीदने का अधिकार दे दिया गया है। मसूरी जैसे नगरों में अचल सम्पत्ति वाले लोग बड़ी संख्या में मौजूद हैं जो देश के विभिन्न हिस्सों से हैं। ऐसे लोग प्रायः बड़े उद्योगपति, धनाढ्य और बड़े व्यवसायी होते हैं जो कि बड़े पैमाने पर जमीनों का व्यवसाय कर मूल निवासियों को भूमिहीन बना सकते हैं। नये कानून में प्रावधान किया गया है कि अगर धारा 129 के तहत कोई व्यक्ति विशेष श्रेणी का भूमिधर है तो बैंक आदि का ऋण न चुका सकने पर उसकी सम्पत्ति की नीलामी हो जाती है तो उसकी सम्पत्ति को उसी श्रेणी का भूमिधर भी खरीद सकेगा और नीलामी में सम्पत्ति गंवाने वाला व्यक्ति बिना अनुमति के दुबारा उतनी ही जमीन खरीद सकेगा। राज्य सरकार के पूर्व विधि सलाहकार डॉ. एन.के. पन्त के अनुसार इस कानून ने जमीनें हड़पने का एक नया रास्ता खोल दिया है। जिनका खेती से कोई लेना-देना नहीं था वे भी अब खेती की जमीनें खरीद सकेंगे।


उत्तराखंड राज्य द्वारा पूर्ववर्ती राज्य से अंगीकृत जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 की धारा 157 (ए) में अनुसूचित जातियों की जमीनों के ट्रांसफर या अन्तरण पर रोक है। धारा 157-ए के अनुसार अनुसूचित जाति से संबंधित कोई भी भूमिधर या असामी कलेक्टर की पूर्व स्वीकृति के बिना अपनी भूमि को अनुसूचित जाति से इतर किसी को हस्तांतरित नहीं कर सकता है। लेकिन उत्तराखंड के नये भूमि कानून के अनुसार इन जातियों की जमीनों को 30 साल के लिये कृषि, बागवानी, जड़ी बूटी उत्पादन, पौधारोपण, पशुपालन, मुर्गीपालन, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन, कृषि, फल प्रसंस्करण, चाय बागान व वैकल्पिक ऊर्जा परियोजनाओं के व्यक्ति, संस्था, समिति, न्यास, फर्म, कम्पनी एवं स्वयं सहायता समूह को पट्टे पर शर्तें निर्धारित करते हुये दी जा सकेगी। जबकि मूल कानून में इनकी जमीनों को पट्टे पर देने की भी मनाही है।

## जीवन मंत्र

# दोस्त टॉक्सिक रिलेशनशिप में हो तो क्या करें

दोस्त को कैसे समझाएं कि वह टॉक्सिक रिलेशनशिप में है?क्या आपके दोस्त को पता है कि वह टॉक्सिक रिलेशनशिप में है? अगर ऐसा नहीं है तो आपको उनकी मदद करने में थोड़ी मुश्किल हो सकती है।

हम सभी अपने दोस्तों को खुशहाल और स्वस्थ जिंदगी जीते हुए देखना चाहते हैं। हालांकि, कभी-कभी हमारा कोई दोस्त किसी टॉक्सिक रिलेशनशिप में फंस जाता है। ऐसे में दोस्त को इस टॉक्सिक रिश्ते से बाहर निकालना हमारी जिम्मेदारी बन जाती है। हालांकि, यह इतना आसान नहीं होता है। खासतौर पर तब, जब सामने वाले को पता नहीं होता है कि वे टॉक्सिक रिलेशनशिप में हैं। उनको लगता है कि सब कुछ ठीक है। वे यह मानने को तैयार नहीं होते हैं कि उनका रिश्ता उनकी मेंटल और इमोशनल हेल्थ को नुकसान पहुंचा रहा है। ऐसे में हम आज हम रिलेशनशिप में जानेंगे कि- कैसे पहचानें कि दोस्त टॉक्सिक रिश्ते में है? दोस्त को टॉक्सिक रिश्ते से बाहर निकलने में कैसे मदद करें? दोस्त की मदद के दौरान क्या करें और क्या न करें? आपका दोस्त मेंटल और इमोशनल दबाव महसूस करता है, दोस्तों को समय नहीं दे पाता, तो इसकी एक वजह टॉक्सिक रिलेशनशिप हो सकती है। ऐसे रिश्ते से छुटकारा दिलाने के लिए समझदारी के साथ सपोर्ट की जरूरत होती है।आपका दोस्त टॉक्सिक रिलेशनशिप में है या नहीं, इसे आप



कुछ संकेतों के जरिए पहचान सकते हैं। आइए इसे ग्राफिक के जरिए समझते हैं। अगर आपके दोस्त को लगता है कि रिश्ते में उसकी इज्जत नहीं की जा रही है, छोटी-छोटी बातों पर अपमानित किया जा रहा है, तो यह टॉक्सिक रिलेशनशिप का संकेत है। रिलेशनशिप में आपके दोस्त को डराकर या इमोशनली ब्लैकमेल करके रिश्ते में बने रहने के लिए मजबूर किया जा सकता है।

जब कोई रिश्ते में जबरदस्ती करता है, तो यह टॉक्सिक रिलेशनशिप का संकेत हो सकता है। जैसे कि दोस्तों या परिवार से मिलने से रोकना, किसी छोटी बात पर विवाद खड़ा करना, किसी की बात को अनसुना करना।

आपके दोस्त को अपने पार्टनर से कोई बात कहने में डर लगता है या उन्हें लगता है कि कोई उनकी सुन नहीं रहा, तो यह भी टॉक्सिक रिलेशनशिप का संकेत हो सकता जब किसी रिश्ते में एक व्यक्ति लगातार दूसरे की भावनाओं, इच्छाओं और फैसलों के साथ खेलता है, उसे अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करता है, तो यह टॉक्सिक रिलेशनशिप का संकेत है। रिश्ते में डर, अकेलापन, अविश्वास, चिंता, उदासी और तनाव जैसी भावनाएं भी टॉक्सिक रिलेशनशिप का संकेत हो सकती हैं।

दोस्त को कैसे समझाएं कि वह टॉक्सिक रिलेशनशिप में है ?क्या आपके दोस्त को पता है कि वह टॉक्सिक रिलेशनशिप में है? अगर ऐसा नहीं है तो आपको उनकी मदद करने में थोड़ी मुश्किल हो सकती है। ऐसे में आप यह बात सीधे कहने के बजाय, फिल्में दिखाकर और किताबों के जरिए समझा सकते हैं।

## जीवन ऊर्जा


**चंद्रशेखर आज़ाद : निधन 27 फरवरी, 1931** — देहावसान

# आज़ाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे

चंद्रशेखर आज़ाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को उत्तर प्रदेश के उन्नाव ज़िले के बदर गाँव में हुआ था। उनके पिता पंडित सीताराम तिवारी और माता जगरानी थीं। चन्द्रशेखर आजाद भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के स्वतंत्रता सेनानी थे। वे शहीद राम प्रसाद बिस्मिल व शहीद भगत सिंह सरीखे क्रान्तिकारियों के अनन्यतम साथियों में से थे। 27 फरवरी, 1931 को आजाद इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क (अब आजाद पार्क) में एक साथी क्रांतिकारी से मिलने गए, जहां उन्हें विश्वासघात की शिकायत पर पुलिस ने घेर लिया।

दूसरों को खुद से आगे बढ़ते हुए मत देखो. प्रतिदिन अपने खुद के कीर्तिमान तोड़ो, क्योंकि सफलता आपकी अपने आप से एक लड़ाई है। अगर अभी भी तुम्हारा खून नहीं खौला तो यह खून नहीं पानी हैं। दुश्मन की गोलियों का, हम सामना करेंगे, आजाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे। एक विमान जमीन पर हमेशा सुरक्षित रहता है लेकिन यह इसके लिए नहीं बनाया जाता है। महान ऊंचाई प्राप्त करने के लिए हमेशा जीवन में कुछ सार्थक जोखिम लेना होगा। ऐसी जवानी किसी काम की नहीं जो अपनी मातृभुमि के काम न आ सके। मैं ऐसे धर्म को मानता हूं, जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा सिखाता है। मेरा नाम आज़ाद, मेरे पिता का नाम स्वतंत्रता और मेरा घर जेल है। यदि कोई युवा मातृभूमि की सेवा नहीं करता है, तो उसका जीवन व्यर्थ है।

शत्रु के साथ कैसी नम्रता? हमारी नम्रता का ही फल है कि आज हमारी मातृभूमि संकट में है। मातृभूमि की इस दुर्दशा को देखकर अगर आपके लहू में क्रोध नहीं है, तो ये पानी है जो आपकी रगों में बह रहा है। ऐसी जवानी का क्या मतलब अगर वो मातृभूमि के काम ना आए। मैं जीवन की अंतिम सांस तक देश



के लिए शत्रु से लड़ता रहूंगा। चिंगारी आज़ादी की सुलगती मेरे जिस्म में हैं। इंकलाब की ज्वालाएं लिपटी मेरे बदन में हैं, मौत जहां जन्नत हो यह बात मेरे वतन में है, कुर्बानी का जज्बा जिंदा मेरे कफन में है। भले ही मेरा प्राम्भिक जीवन आदिवासी इलाके में बीता है, लेकिन मेरे दिल में संपूर्ण मातृभूमि बस्ती है। जो दुश्मन हमारी धन संपदा और संस्कृति को लूट रहे हैं, उन्हें लूटना और उनसे अपनी धन संपदा की रक्षा करना कोई गुनाह नहीं है। जब तक यह बमतुल बुखारा मेरे पास है। किसने अपनी मां का दूध पिया है, जो मुझे जीवित पकड़ के ले जाए। सच्चा धर्म वही है जो स्वतंत्रता को परम मूल्य की तरह स्थापित करे।

जीवित रहते मैं अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करता रहूंगा। किसी भी क्षण मैं मातृभूमि की खातिर अपने प्राण न्योछावर करने से पीछे नहीं हटूंगा। गिरफ्तार होकर अदालत में हाथ बांध मुझे बंदरिया का नाच नहीं नाचना है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# हनुमानजी के लिए ब्रह्मांड में कुछ भी असंभव नहीं है

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक लोकप्रिय कहानी है कि शक्तिशाली वानर देवता हनुमान ने एक बार सूर्य को निगल लिया था। इस हिसाब से तो आपको हर उस चीज पर सवाल उठाने चाहिए जो की आसान नहीं है। जैसे



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

कि हनुमान जी ने बिन थके इतना विशाल समुद्र कैसे पार कर लिया। अरे श्री हनुमानजी भगवान का अंश है उन्हे विभिन्न तरीके के वरदान प्राप्त हुए है। हनुमान जी के पास अष्ट महासिद्धि और नौ निधि हैं। ये अष्ट महासिद्धि अणिमा, लघिमा, महिमा, ईशित्व, प्राक्रम्य, गरिमा और वहित्व हैं। इन्ही सिद्धि के सहारे उनका सूर्य के पास जाना और उसे निगलना संभव हैं, लेकिन हनुमान जी निगलते नहीं है। गोस्वामी तुलसीदासजी द्वारा लिखी हनुमान चालीसा के इस १८वीं चौपाई में सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी का वर्णन है।

**जुग सहस्त्र जोजन पर भानू। लील्यो ताहि मधुर फल जानू।।**

यह दोहा अवधी भाषा में है इस दोहे का हिंदी भाषा में अर्थ है कि हनुमानजी ने एक



युग सहस्त्र योजन की दूरी पर स्थित भानु यानी सूर्य को मीठा फल समझकर खा लिया था। (खाने ही वाले थे तभी देवराज इंद्र ने प्रहार कर दिया।) अगर आप यहां विज्ञान का तर्क देना चाहते है तो दे सकते है जैसे कि-अपनी लघिमा सिद्धि का उपयोग करके हनुमान जी अपना वजन सूक्ष्म मतलब न के बराबर कर सकते थे।जैसा हमने विज्ञान में पढ़ा है कि जिस पार्टीकल का वजन ना के बराबर होता है वह पार्टीकल ही प्रकाश की गति से ट्रैवल कर सकता है, क्योंकि उस स्थिति में उस पार्टीकल पर गुरुत्वाकर्षण बल और सेंटर ऑफ ग्रेविटी का असर नहीं होता हैं। इस तरह हनुमान जी प्रकाश की गति से भी तेज उड़कर सूर्य को निगलने के लिए पहुचे थे।नासा के अनुसार सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी १४९ मिलियन किलोमीटर हैं और यह बात पहले ही हनुमान चालीसा के १८वीं चौपाई में धरती और सूरज की बीच की दूरी का वर्णन किया गया है। हनुमान जी के अष्ट सिद्धि में से एक महिमा हैं।

इस सिद्धि से वह अपने शरीर को जितना चाहे उतना बड़ा कर सकते थे। इसलिए हनुमान जी के सामने पूरी पृथ्वी ही एक फल के सामान हैं। विज्ञान के अनुसार कोई भी ऐसी वस्तु जिसका वजन ज्यादा और उसमे बहुत ऊर्जा हो वह ब्लैक होल बना सकती हैं और ब्लैक होल सूर्य को निगलने की क्षमता रखता हैं। जब ब्लैक होल सूर्य को निगल सकता है तो श्री हनुमान जी भगवान शिव के अवतार हैं, भगवान हैं। उनके लिए ब्रह्माण्ड में कुछ भी असंभव नहीं हैं।

## अपने विचार



अबकि बार तो हमारे सवालों पर PM ने साल में 300 दिन ही मखाना खाने की बात कही है। अगली बार वो 350 दिन 'बिहारी भुंजा' खाएंगे।

**-लालू प्रसाद यादव**, राजद सुप्रीमो



क्या इस कदम का उद्देश्य अरविंद केजरीवाल के लिए पंजाब से राज्यसभा में नामांकन का रास्ता साफ करना है। क्या यह बेहतर नहीं होगा कि केजरीवाल के बजाय पंजाब से कोई व्यक्ति राज्य का प्रतिनिधित्व करे।

**-अमित मालवीय,** भाजपा IT सेल प्रमुख



अरविंद केजरीवाल न पंजाब के CM बन रहे हैं और न ही अरविंद केजरीवाल राज्यसभा जा रहे हैं। ये बातें बिल्कुल गलत हैं।

**-प्रियंका कक्कड़** , प्रवक्ता,AAP



भ्रष्टाचार के मामलों में डीएमके के एक नेता नौकरी के लिए पैसे के मामले में फंसे हैं, दूसरे मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध रेत खनन में शामिल हैं, और तीसरे पर आय से अधिक संपति से जुड़े आरोप हैं।

**-अमित शाह,** गृहमंत्री

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार)।

# अगले साल 31 अक्टूबर तक खुलेगा महालक्ष्मी फ्लाईओवर

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

दक्षिण मुंबई के महालक्ष्मी रेलवे स्टेशन के पास डॉ. इ. मोसेस रोड और केशवराव खाडे रोड पर निर्माणाधीन फ्लाईओवरों को 31 अक्टूबर 2026 तक चालू करने का निर्देश अतिरिक्त मनपा आयुक्त (परियोजना) अभिजीत बांगर ने दिया है। इन पुलों के खुलने से दक्षिण मुंबई में यातायात सुगम होगा और वाहन चालकों को राहत मिलेगी।

### बिना रुके मानसून में भी जारी रहेगा काम

मनपा आयुक्त ने कहा कि कार्य योजना इस तरह बनाई जाए कि मानसून के दौरान भी काम जारी रह सके, ताकि इसे तय समय पर पूरा किया जा सके।



**745.69 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे दो फ्लाईओवर**

महानगरपालिका विकास नियोजन योजना के तहत दो नए पुलों का निर्माण कर रही है, जिन्हें महालक्ष्मी दक्षिण और उत्तर पुल कहा जाएगा।
उत्तर पुल : 639 मीटर लंबा, सात रास्ता को वर्ली नाका से जोड़ेगा।
दक्षिण पुल : 803 मीटर लंबा केबल-स्टेड पुल, सात रास्ता को हाजी अली और केशवराव खाडे मार्ग से जोड़ेगा।

### निर्माण कार्य का निरीक्षण और निर्देश

बांगर ने बुधवार को परियोजना स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि केबल-स्टेड पुल के लिए 78 मीटर ऊंचा पीलर खड़ा करना होगा, जिसमें करीब 200 दिन लगेंगे। वहीं, केबल ब्रिज के निर्माण में 250 दिन का समय लगेगा।

## रेलवे विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूरे होने पर वॉकेथॉन का आयोजन




डीबीडी संवाददाता । भुसावल

रेलवे विद्युतीकरण के ऐतिहासिक 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 26 फरवरी 2025 को भुसावल मंडल में एक भव्य वॉकेथॉन का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक इति पाण्डेय ने वॉकेथॉन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों की सहभागिता

यह वॉकेथॉन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से शुरू होकर उत्तर दिशा रेलवे स्टेशन, भुसावल तक आयोजित की गई। इस आयोजन में अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन) सुनील कुमार सुमन, अपर मंडल रेल प्रबंधक (तकनीकी) एम. के. मीना सहित वरिष्ठ अधिकारी, अन्य अधिकारी और रेलवे कर्मचारी शामिल रहे।

### रेलवे विद्युतीकरण के 100 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धि

भुसावल मंडल में यह आयोजन रेलवे विद्युतीकरण के 100 साल पूरे होने की ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रतीक है। यह कार्यक्रम रेलवे के सतत विकास और आधुनिकरण की दिशा में प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत यात्रा पर पश्चिम रेलवे की सख्ती

**पश्चिम रेलवे ने वसूले 1.72 करोड़ रुपये जुर्माना**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 (जनवरी 2025 तक) में टिकट चेकिंग अभियान के तहत एसी लोकल ट्रेनों में अनियमित यात्रा के 51,600 से अधिक मामलों का पता लगाकर 1.72 करोड़ रुपये जुर्माने के रूप में वसूले हैं। जनवरी 2025 में 6,258 मामलों से 20.97 लाख रुपये की वसूली हुई, जो जनवरी 2024 की तुलना में 31% अधिक है।



### अनियमित यात्रा रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई

पश्चिम रेलवे के अनुसार, वास्तविक यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एसी लोकल में एक समर्पित एसी टास्क फोर्स तैनात की गई है, जो अनियमित यात्रा की निगरानी करती है। नियमित रूप से विशेष टिकट चेकिंग अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

### यात्रियों के लिए हेल्पलाइन सुविधा

यात्री व्यस्त समय में 139 हेल्पलाइन नंबर या व्हाट्सएप नंबर 9004497364 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। रेलवे प्रशासन एसी लोकल ट्रेनों में टिकट चेकिंग की दैनिक निगरानी भी कर रहा है।

## रावेर रेलवे स्टेशन बना भुसावल मंडल का दूसरा हरित स्टेशन

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेलवे के भुसावल मंडल में रावेर रेलवे स्टेशन को हरित ऊर्जा से संचालित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। 25 फरवरी 2025 को महाप्रबंधक धरमवीर मीना ने वर्चुअल माध्यम से 82 किलोवाट पीक (kWp) सौर ऊर्जा रूफटॉप पावर प्लांट का उद्घाटन किया, जिससे यह स्टेशन बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बन गया है।





### रेलवे की सतत विकास की दिशा में पहल

भुसावल मंडल के रावेर रेलवे स्टेशन का यह कदम नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने और कार्बन फुटप्रिंट कम करने की रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



### सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भर हुआ रावेर स्टेशन

रावेर रेलवे स्टेशन पर स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र प्रतिवर्ष 1,19,720 यूनिट बिजली उत्पन्न करेगा, जो स्टेशन की आवश्यकताओं से 32,666 यूनिट अधिक होगी। इस अतिरिक्त ऊर्जा को नेट मीटरिंग प्रणाली के माध्यम से विद्युत वितरण कंपनी को आपूर्ति किया जाएगा, जिससे रेलवे को प्रति वर्ष 99,631 की आर्थिक बचत होगी।

### पर्यावरण संरक्षण में योगदान

यह परियोजना न केवल पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम करेगी, बल्कि इससे 91 मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में भी कमी आएगी। इस उपलब्धि के साथ, रावेर रेलवे स्टेशन भुसावल मंडल में देवळाली के बाद दूसरा हरित स्टेशन बन गया है।

## वानगांव-दहानू रोड के बीच ब्लॉक

**कुछ ट्रेनें होंगी प्रभावित**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई सेंट्रल मंडल के वानगांव और दहानू रोड स्टेशनों के बीच मोनोपोल की शिफ्टिंग/डायवर्जन/ऊंचाई बढ़ाने के लिए शनिवार एवं रविवार अर्थात 1 और 2 मार्च, 2025 को ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक एक घंटे के लिए अर्थात 01 मार्च, 2025 को 10.30 बजे से 11.30 बजे तक और 2 मार्च, 2025 को 09.50 बजे से 10.50 बजे तक अप एवं डाउन मेन लाइन पर होगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, इस ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेन सेवाएं प्रभावित होंगी।

### 1 मार्च को शॉर्ट टर्मिनेट/निरस्त होने वाली ट्रेनें:



विरार से 09.30 बजे रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 93013 विरार-दहानू रोड लोकल वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा इसलिए ट्रेन संख्या 93013 एवं 93014 वानगांव और दहानू रोड स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। चर्चगेट से 08.49 बजे रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 93015 चर्चगेट-दहानू रोड लोकल वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा इसलिए ट्रेन संख्या 93015 एवं 93016 वानगांव और दहानू रोड स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

### 2 मार्च को शॉर्ट टर्मिनेट/निरस्त होने वाली ट्रेनें:

चर्चगेट से 07.42 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 93011 चर्चगेट-दहानू रोड लोकल वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा इसलिए ट्रेन संख्या 93011 एवं 93016 वानगांव और दहानू रोड स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

विरार से 09.30 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 93013 विरार-दहानू रोड लोकल बोईसर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा इसलिए ट्रेन संख्या 93013 एवं 93014 बोईसर और दहानू रोड स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

### 1 मार्च को रेगुलेट होने वाली ट्रेनें:

ट्रेन संख्या 12990 अजमेर-दादर एक्सप्रेस 35 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 12980 जयपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 25 मिनट रेगुलेट होगी।

### 2 मार्च को रेगुलेट होने वाली ट्रेनें:-

ट्रेन संख्या 12934 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल कर्णावती एक्सप्रेस 35 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 09653 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 01 घंटा रेगुलेट होगी।

## अब्दुल मलिक मोमिन की दो पुस्तकों का विमोचन समारोह संपन्न

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी




प्रसिद्ध लेखक और शिक्षाविद अब्दुल मलिक मोमिन की दो पुस्तकों "मशाहिरे भिवंडी" और "उमरा व हज के शब-ओ-रोज़" का विमोचन समारोह 23 फरवरी 2025 को हल्कऐ अदब भिवंडी संस्था द्वारा आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जीएम मोमिन वीमेंस कॉलेज के हॉल में हुआ, जिसकी अध्यक्षता केएमई सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष मुहम्मद असलम फकीह ने की।

### "मशाहिरे भिवंडी" को ऐतिहासिक दस्तावेज बताया गया

अपने अध्यक्षीय भाषण में असलम फकीह ने "मशाहिरे भिवंडी" को ऐतिहासिक और दस्तावेजी पुस्तक बताया और इसे पीएचडी के योग्य करार दिया। इस अवसर पर मौलाना अबू जफर हस्सान नदवी, शरीफ हसन रमजान मोमिन, सलीम रहमतुल्लाह अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि पूर्व विधायक एडवोकेट अब्दुल रशीद ताहिर मोमिन, पूर्व सांसद सुरेश टावरे, नज़र अब्दुल लतीफ मदू और गणेश दत्तात्रेय दांडेकर विशेष अतिथि रहे।

## सावरकर और डॉ. आनंदीबाई जोशी को दी गई श्रद्धांजलि

सुशील सिंह । कल्याण

स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर और भारत की पहली महिला डॉक्टर डॉ. आनंदीबाई जोशी की पुण्यतिथि पर कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति

इस अवसर पर शिक्षणाधिकारी विजय सरकटे, सहायक सुरक्षा अधिकारी सुरेश पवार, सचिव विभाग के अधीक्षक मधुकर भोये सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने स्वतंत्रता सेनानी सावरकर और डॉ. आनंदीबाई जोशी की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर सम्मान व्यक्त किया।



### महापालिका मुख्यालय में आयोजन

महापालिका मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में सूचना और जनसंपर्क विभाग के उपायुक्त संजय जाधव और उनकी पत्नी रेखा जाधव ने डॉ. आनंदीबाई जोशी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### सावरकर सभागृह में श्रद्धांजलि

महापालिका भवन के वि. दा. सावरकर सभागृह में रेखा जाधव और सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी माधवी पोफळे ने सावरकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

## देवेंद्र फडणवीस ने बताई सीएम बनने की कहानी, हशु आडवाणी को दिया क्रेडिट

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को हशु आडवाणी जन्म शताब्दी समारोह में शिरकत की और खुलासा किया कि उनके सीएम बनने की नींव हशु आडवाणी जैसे समाजसेवियों ने रखी थी। चेंबूर स्थित विवेकानंद एजुकेशन सोसाइटी में आयोजित इस समारोह में शिक्षा, समाज और जनसेवा में हशु आडवाणी के योगदान पर प्रकाश डालने वाली एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। फडणवीस ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि महाराष्ट्र की राजनीति और समाजसेवा में उनका योगदान अमूल्य है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं 44 साल की उम्र में महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बना, लेकिन यह संभव हुआ क्योंकि हशु आडवाणी जी जैसे लोगों ने मजबूत नींव रखी थी। संस्था, पार्टी या कोई भी निर्माण एक आधारशिला पर टिका होता है और हशु जी ने ऐसी ही मजबूत नींव तैयार की।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** मानसिक शांति के लिए किए गए प्रयास सफल रहेंगे। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी धार्मिक यात्रा की योजना बनेगी।

**वृष:** वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में लापरवाही न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। बिगड़े काम बन सकते हैं। समाजसेवा करने का मन बनेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यस्तता रहेगी।

**कर्क:** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह:** समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। मान-सम्मान मिलेगा। खोई हुई वस्तु मिलने के योग हैं। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**कन्या:** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। किसी आनंदोत्सव में भाग ले सकते हैं।

**तुला:** किसी तरह से बड़ा लाभ होने की संभावना है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। किसी तरह के विवाद में विजय प्राप्त होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। थकान व कमजोरी रह सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। बेवजह चिड़चिड़ापन रहेगा।

**धनु:** भावना में बहकर महत्वपूर्ण निर्णय न लें। नौकरी में कार्यभार रहेगा। लाभ होगा। स्वास्थ्य के संबंध में लापरवाही न करें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। दुःखद समाचार मिल सकता है।

**मकर:** मनपसंद व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। धन प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कुंभ:** घर, दुकान, फैक्टरी व शोरूम इत्यादि के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। कारोबार में बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

**मीन:** प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी।

## कुंडली मिलान में नाड़ी दोष का महत्त्व

विवाह के लिए कुण्डली और गुण मिलान करते समय नाड़ी दोष को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

विवाह में वर-वधू के गुण मिलान में नाड़ी का सर्वाधिक महत्त्व को दिया गया है। 36 गुणों में से नाड़ी के लिए सर्वाधिक 8 गुण निर्धारित हैं। ज्योतिष की दृष्टि में तीन नाडियां होती हैं - आदि , मध्य और अन्त्य। इन नाडियों का संबंध मानव की शारीरिक धातुओं से है। वर-वधू कीसमान नाड़ी होने पर दोषपूर्ण माना जाता है तथा संतान पक्ष के लिए यह दोष हानिकारक हो सकता है।

शास्त्रों में यह भी उल्लेख मिलता है कि नाड़ी दोष केवलब्रह्मण वर्ग में ही मान्य है। समान नाड़ी होने पर पारस्परिक विकर्षण तथा असमान नाड़ी होने पर आकर्षण पैदा होता है। आयुर्वेद केसिद्धांतों में भी तीन नाड़ियाँ – वात (आदि ), पित्त (मध्य) तथा कफ (अन्त्य) होती हैं। शरीर में इन तीनों नाडियों के समन्वय के बिगड़ने से व्यक्ति रूग्ण हो सकताहै।






प्रियंका जैन
9769994439

भारतीय ज्योतिष में नाड़ी का निर्धारण जन्म नक्षत्र से होता है। प्रत्येक नक्षत्र में चार चरण होते हैं।

**नौ नक्षत्रों की एक नाड़ी होती है। जो इस प्रकार है।**

आदि नाड़ी अश्विनी, आर्द्रा, पुनर्वसु, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, ज्येष्ठा, मूल, शतभिषा, पूर्व भाद्रपद ।

मध्य नाड़ी भरणी, मृगशिरा, पुष्य, पूर्वाफाल्गुनी, चित्रा, अनुराधा, पूर्वाषाढ़ा, धनिष्ठा और उत्तराभाद्रपद

अन्त्य नाड़ीकृतिका, रोहिणी, आश्लेषा, मघा, स्वाति, विशाखा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण तथा रेवती।

नाड़ी के तीनों स्वरूपों आदि, मध्य और अन्त्य आदि नाड़ी ब्रह्मा विष्णु और महेश का प्रतिनिधित्व करती हैं।

यही नाड़ी मानव शरीर की संचरना की जीवन गति को आगे बढ़ाने का भी आधार है।

सूर्य नाड़ी, चंद्र नाड़ी और ब्रह्म नाड़ी जिसे इड़ा, पिंगला, सुषुम्णा के नाम से भी जानते हैं। कालपुरुष की कुंडली की संरचना बारह राशियों, सत्ताईस नक्षत्रों तथा योगो करणों आदि के द्वारा निर्मित इस शरीर में नाड़ी का स्थान सहस्रार चक्र के मार्ग पर होता है। यह विज्ञान के लिए अब भी पहेली बना हुआ है कि नाड़ी दोष वालों का ब्लड प्रायः ग्रुप एक ही होता है। और ब्लड ग्रुप एक होने से रोगों के निदान चिकित्सा उपचार आदि में समस्या आती हैं।

इड़ा, पिंगला, और सुसुम्णा हमारे मन मस्तिष्क और सोच का प्रतिनिधित्व करती है। यही सोच और वंशवृद्धि का द्योतक नाड़ी हमारे दांपत्य जीवन का आधार स्तंभ है। अतः नाड़ी दोष को आप गंभीरता से देखें। यदि एक नक्षत्र के एक ही चरण में वर कन्या का जन्म हुआ हो तो नाड़ी दोष का परिहार संभव नहीं है।

### न्यूज़ ब्रीफ

## गंगा स्नान के दौरान 6 लोग डूबे, 1 की मौत



**पटना।** पटना में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बड़ा हादसा हो गया। गंगा स्नान के दौरान कलेक्टरेट घाट पर स्नान कर रहे छह लोग डूब गए। इनमें से दो को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा अस्पताल में भर्ती है। बाकी लापता चार लोगों की तलाश के लिए प्रशासन और स्थानीय गोताखोरों की टीम जुटी हुई है। इस घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई।

## धामी ने किया प्राचीन वनखंडी महादेव मंदिर में जलाभिषेक

**खटीमा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार 26 फरवरी को अपने गृह क्षेत्र खटीमा में प्राचीन वनखंडी महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर लगने वाले मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परिवार के साथ वनखंडी महादेव मंदिर शिवलिंग पर जलाभिषेक कर राज्य की समृद्धि की कामना की।

## महुआ माजी की कार दुर्घटनाग्रस्त, हालत स्थिर

**लातेहार।** राज्यसभा सांसद महुआ माजी की कार बुधवार सुबह लातेहार के होटवाग गांव के पास एनएच-75 पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में सांसद घायल हो गईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर किया गया। हालांकि, उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। महुआ माजी अपने परिजनों के साथ कुंभ से रांची लौट रही थीं, जब होटवाग पेट्रोल पंप के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में सांसद के हाथ में चोट आई है और उनकी कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही लातेहार थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े तुरंत एम्बुलेंस लेकर घटनास्थल पहुंचे और घायल सांसद व अन्य लोगों को अस्पताल पहुंचाया।

## भाजपा ने जारी किया गुरुग्राम के विकास का संकल्प पत्र

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम नगर निगम के लिए भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को अपना संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा के गुरुग्राम चुनाव प्रभारी सुभाष बराला ने यहां चौपाल होटल में पत्रकार वार्ता में नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र का विमोचन किया। बराला ने दावा किया कि यह गुरुग्राम के विकास और गुरुग्राम के बेहतर भविष्य का संकल्प पत्र है। गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र के लोगों का जीवन सरल और सुगम बनाने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध हैं। जनता की सेवा करना भाजपा की प्राथमिकता है। सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार हम सभी मिलकर गुरुग्राम व प्रदेश को विकसित बनाने में पूरी ताकत लगाएंगे।

# चुनाव से पहले नीतीश कैबिनेट का विस्तार

### बीजेपी से 7 नए मंत्री बने




**एजेंसी । पटना**

बिहार में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले नीतीश कैबिनेट का विस्तार किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के कोटे से 7 नए मंत्री बनाए गए हैं। पटना स्थित राजभवन में सभी नए मंत्रियों का मंगलवार शाम शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। बीजेपी विधायक संजय सरावगी, सुनील कुमार, जीवेश मिश्रा, राजू सिंह, मोतीलाल प्रसाद, विजय मंडल और कृष्ण कुमार मंटू ने मंत्री पद के रूप में शपथ ली। जीवेश मिश्रा दूसरी बार मंत्री बनाए जा रहे हैं।

### राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने दिलाया मंत्री का शपथ

बिहार सरकार के आखिरी कैबिनेट विस्तार कराने के लिए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ठीक शाम 4 बजे शपथ ग्रहण स्थल पर पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले बीजेपी विधायक संजय सरावगी को मंत्री पद का शपथ दिलाया। इसके बाद उन्होंने सुनिल कुमार को मंत्री पद का शपथ दिलाया। सुनिल कुमार के बाद राज्यपाल ने दरभंगा के जाले विधानसभा के विधायक जीवेश मिश्रा को मंत्री पद का शपथ दिलाया। जीवेश मिश्रा हमेशा से अपने बयानबाजी के लिए जाने जाते रहे हैं। जीवेश ने मैथिली भाषा में शपथ लिया। जीवेश मिश्रा के बाद बीजेपी विधायक राजू सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। राजू सिंह मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज से विधायक हैं और राजपूत जाती से आते हैं।

राजू सिंह के बाद पांचवे नंबर पर सीतामढ़ी के रीगा से विधायक मोतीलाल प्रसाद ने मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने दिलीप जायसवाल के जगह पर मंत्री बनाया गया है। मोतीलाल प्रसाद तेली समाज से आते हैं और यह बीजेपी का कोर वोट बैंक माना जाता है। मोतीलाल प्रसाद के बाद कृष्ण कुमार मंटू ने मंत्री पद की शपथ ली।

मंटू कुर्मी जाति से आते हैं पार्टी ने उन्हें मंत्री बनाकर कुर्मी वोटरों को साधने की कोशिश की है। मंटू 2020 में जेडीयू से बीजेपी में शामिल हुए थे। जिसके बाद पार्टी ने उन्हें मंत्री बनाया है। मंटू के बाद राज्यपाल ने विजय कुमार मंडल को मंत्री पद का शपथ दिलाया। इसके साथ ही नीतीश कैबिनेट का आखिरी विस्तार भी संपन्न हो गया।

## दो समुदायों के बीच हिंसा

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले के इचाक प्रखंड के डुमरांव में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई, जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। उपद्रवियों ने आधा दर्जन से अधिक वाहनों को आग के हवाले कर दिया। हालांकि, पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया है और शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, महाशिवरात्रि के दौरान झंडा लगाने और साउंड सिस्टम बजाने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद झड़प शुरू हो गई। पहले दोनों समुदायों के बीच एक दिन के लिए लाउडस्पीकर लगाने पर सहमति बनी थी, लेकिन बाद में विवाद फिर भड़क उठा। घटना के तुरंत बाद तीन थानों की पुलिस मौके पर तैनात कर दी गई। प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बरांगे, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति अग्रवाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

# झारखंड आवास बोर्ड के कर्मियों का बढ़ेगा डीए

**रांची।** झारखंड आवास बोर्ड के कर्मियों को हेमंत सोरेन सरकार बड़ा तोहफा देने वाली है। दरअसल इन कर्मियों के डीए बढ़ाने को लेकर सहमति मिल चुकी है। कुल 3 फीसदी डीए बढ़ाने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान की अध्यक्षता में ये प्रस्ताव पारित किया गया है। ये निर्णय मंगलवार को लिया गया।

### कंप्यूटरी प्रणाली के लिए भी मिली स्वीकृति




दरअसल झारखंड राज्य आवासीय बोर्ड की बैठक मंगलवार को बोर्ड मुख्यालय में हुई थी। इस बैठक में डीए बढ़ाने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। बैठक में राज्य आवास बोर्ड के विभिन्न प्रमंडल अंतगर्त शेष बचे नवनिर्मित आवासीय इकाइयों के मकान, फ्लैट और नये विकसित किये गये भूखंड को लॉटरी के माध्यम से पूरी आवंटन प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए कंप्यूटरी प्रणाली के लिंक की घटनाओं की स्वीकृति दी गयी।

### किन किन प्रस्तावों को मिली मंजूरी

वहीं, मुख्यालय और रांची स्थित अस्थायी निरीक्षण भवन सह अतिथिशाला में सीसीटीवी कैमरा लगाने की मंजूरी दी गयी है। आवास बोर्ड में राज्य सरकार के कर्मियों के भांति अनुमान्य विभिन्न भत्तों की स्वीकृति दी गयी है। बोर्ड की बैठक में जमशेदपुर प्रमंडल के आदित्यपुर स्थित सहायक अभियंता भवन की मरम्मत कार्य के लिए कुल 13,31,300 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा आदित्यपुर 1 स्थित निरीक्षण भवन की चाहरदीवारी की मरमत्ति के लिए कुल 10,84,910 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

## डिवाइडर से टकराई बाइक


### पत्नी की मौत और पति घायल




**कोडरमा।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के गौरी नदी पुल पर डिवाइडर से बाइक की टक्कर होने से पत्नी की मौत हो गयी जबकि पति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सर्वेश कुमार और संजू प्रसाद सिंह (45 )पति-पत्नी बाइक पर सवार होकर बरही की तरफ जा रहे थे। गौरी पुल के समीप बाइक के दुर्घटनाग्रस्त होने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद सदर अस्पताल कोडरमा में चिकित्सकों ने जांच के दौरान गंभीर रूप से घायल महिला संजू प्रसाद सिंह को मृत घोषित कर दिया।

# सरकारी शिक्षकों को सीएम हेमंत सोरेन देंगे टैबलेट

**रांची।** झारखण्ड में सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 फरवरी टैबलेट देंगे। हालांकि ये टैब उन्हीं शिक्षकों को दिया जाएगा जिन स्कूलों में 30 से ज्यादा बच्चे होंगे। इसके लिए 28,945 स्कूलों का चयन किया गया है। दरअसल सरकार की ओर से ये पहल इसलिए की गयी है ताकि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को डिजिटल लिट्रेसी से जोड़ा जा सके।



### हर प्रकार के रिपोर्टिंग को ऑनलाइन करने में लगी है हेमंत सरकार

हेमंत सरकार स्कूलों में अटेंडेंस से लेकर हर प्रकार के रिपोर्टिंग को ऑनलाइन करने लगी है। ताकि एक क्लिक पर सारी जानकारी उपलब्ध हो सके। इसके लिए सरकार पहली से लेकर पांचवी तक के ऐसे स्कूलों के शिक्षकों को टैबलेट देगी।

### इन जिलों में दी जाएगी शिक्षकों को टैबलेट

जानकारी के अनुसार पूर्वी सिंहभूम के 1191 शिक्षकों को टैबलेट दिया जाएगा। हालांकि इससे पहले राज्य स्तर पर बनायी गयी सूची के मुताबिक 1994 शिक्षकों को टैब दिया जाना था। लेकिन जब इसे संशोधित किया गया तो यह आंकड़ा बदल गया। उसी तरह पश्चिमी सिंहभूम के 2108 लोगों को टैबलेट दी जानी थी। अभी संख्या घटाकर 1772 कर दी गयी है। सरायकेला खरसावां में 1039, बोकारो के 1190 , चतरा के 1354 , देवघर के 1712, दुमका के 1797, गढ़वा के 1265, गिरिडीह 2776 , गोड्डा 1303, गुमला के 897, हजारीबाग के 1201, जामताड़ा 850, खूंटी 491, कोडरमा के 603, लातेहार के 917, लोहरदगा के 417, पाकुड़ के 905, पलामू के 2323, रामगढ़ के 485, साहिबगंज के 1039, सिमडेगा के 468, रांची के 1456 , धनबाद के 1371 शिक्षकों को टैबलेट दिया जाना है।

## छत्तीसगढ़ में फिल्म सिटी का सपना अधूरा

### 25 साल से जारी तलाश अब तक नहीं हुई पूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में फिल्म सिटी की स्थापना को लेकर पिछले 25 वर्षों से चर्चा हो रही है, लेकिन अब तक इसका निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। नवंबर 2024 में राज्य सरकार ने माना-तूता में 95.179 करोड़ रुपये की लागत से चित्रोत्पला फिल्म सिटी बनाने की घोषणा की थी, लेकिन इसकी वर्तमान स्थिति को लेकर अब भी स्पष्टता नहीं है।



### फिल्म सिटी के लिए सरकार की योजना

फिल्म सिटी में गांव, शहर, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, जेल, कोर्ट और रेस्टोरेंट जैसे सेट बनाए जाने थे। इंडोर शूटिंग के लिए आर्टिफिशियल तालाब, पर्वत और घाट तैयार किए जाने थे। प्री-प्रोडक्शन और पोस्ट-प्रोडक्शन सुविधाओं के लिए अलग बिल्डिंग बनाने की योजना थी। हालांकि, फिल्म सिटी के निर्माण, स्थान, सुविधाओं और संभावित लाभों को लेकर सरकार की ओर से कोई ठोस जानकारी नहीं दी गई है।

# योगी सरकार का दिव्यांगजन कल्याण पर जोर

### 1424 करोड़ का बजट जारी

**एजेंसी । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए 2025-26 के बजट में 1424 करोड़ रुपये की बड़ी राशि प्रस्तावित की है। इस राशि का उपयोग वित्तीय सहायता, कृत्रिम उपकरण, चिकित्सा सुविधाएं और शिक्षा के विकास के लिए किया जाएगा।



### सहायक उपकरणों के लिए 35 करोड़ का बजट

दिव्यांगों को व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, कृत्रिम श्रवण यंत्र और अन्य उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 35 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इससे उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण समय पर मिल सकेंगे, जिससे उनकी रोजमर्रा की दिक्कतें कम होंगी।

### चिकित्सा सहायता और शिक्षा पर फोकस

10 करोड़ रुपये असहाय दिव्यांग व्यक्तियों के इलाज के लिए अनुदान योजना में आवंटित किए गए हैं। 18 मंडलों में बचपन डे केयर सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां तीन से सात वर्ष के दिव्यांग बच्चों को विशेष शिक्षा और देखभाल की सुविधा दी जाएगी।

### रोजगार में आत्मनिर्भरता की ओर कदम

मनरेगा योजना के तहत दिव्यांगजनों को उनकी क्षमता और योग्यता के अनुसार रोजगार दिया जा रहा है। 2017-18 से अब तक 1.124 लाख से अधिक दिव्यांगों को रोजगार प्रदान किया गया है, जिससे 44.164 लाख मानव दिवस सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि विकास तभी सार्थक होगा जब समाज के सबसे कमजोर वर्ग को उनका हक और सुविधाएं मिलें। इसी उद्देश्य से सरकार दिव्यांगजन कल्याण के लिए लगातार नई योजनाएं लागू कर रही है।

## व्यापार जगत

# स्पाइसजेट को तीसरी तिमाही में 25 करोड़ का मुनाफा

- पिछले साल 301 करोड़ लॉस में थी एयरलाइन
- सालाना आधार पर रेवेन्यू 35% कम हुआ

**एजेंसी । मुंबई**

भारत की लो कॉस्ट एयरलाइन स्पाइसजेट को वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 25 करोड़ रुपए का मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। कंपनी को पिछले साल की समान तिमाही में 301 करोड़ रुपए का लॉस हुआ था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में स्पाइसजेट के ऑपरेशन से कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू सालाना आधार पर 35.35% कम होकर 1,231 करोड़ रुपए पर आ गया है। एक साल पहले की समान तिमाही यानी FY24 की तीसरी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 1,904 करोड़ रुपए रहा था।

### तिमाही आधार पर रेवेन्यू 35% बढ़ा




दूसरी तिमाही यानी जुलाई-सितंबर के मुकाबले कंपनी के रेवेन्यू में 35.12% की बढ़ोतरी हुई है। Q2 में कंपनी ने 911 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं के बेचने से मिलने वाली राशि को रेवेन्यू कहा जाता है। इसमें टैक्स जैसी अन्य देनदारियां शामिल होती हैं।

### 6 महीने में 28% गिरा है स्पाइसजेट का शेयर

तिमाही नतीजों से एक दिन पहले स्पाइसजेट का शेयर 1.70% की तेजी के साथ 47.97 के स्तर पर बंद हुआ। एयरलाइन कंपनी के शेयर ने बीते 5 दिन में 10.28% और एक महीने में 9.35% का रिटर्न दिया है। जबकि, लॉन्ग टर्म यानी 6 महीने में 28.03% और एक साल में 29.65% गिरा है। स्पाइसजेट का मार्केट कैप 6150 करोड़ रुपए है।

## भारत पेट्रोल में 20% से अधिक इथेनॉल मिश्रण पर कर रहा विचार: हरदीप पुरी



**नई दिल्ली/गुवाहाटी।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को 20% से अधिक करने पर विचार कर रहा है। इस पर नीति आयोग के तहत एक समिति गठित की गई है। गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर शिखर सम्मेलन 2025 में पुरी ने बताया कि भारत पहले ही 19.6% इथेनॉल मिश्रण हासिल कर चुका है। अगले महीने तक 20% का लक्ष्य पूरा होने की उम्मीद है, जबकि सरकार ने इसे 2026 तक प्राप्त करने का लक्ष्य रखा था। देश में 1,700 करोड़ लीटर मिश्रण क्षमता है, जिसमें से 1,500 करोड़ लीटर का उपयोग पहले से हो रहा है। पुरी ने कहा कि भारत ईंधन आयात पर 150 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च कर रहा है, इसलिए स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों की ओर बढ़ना आवश्यक है। पुरी ने कहा कि भारत को हरित हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर अधिक ध्यान देना होगा, ताकि अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करते हुए स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ाए जा सकें।

# अभी डिस्कशन फेज में टाटा-एयरटेल डीटीएच के मर्जर की बात

- एयरटेल के पास 50% से ज्यादा होगी हिस्सेदारी
- सब्सक्राइबर्स की संख्या 3.5 करोड़ होगी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने उन न्यूज रिपोर्ट्स पर स्पष्टीकरण जारी किया है, जिसमें कहा जा रहा था कि एयरटेल अपने डीटीएच बिजनेस को टाटा प्ले के साथ मर्ज करने जा रहा है। एयरटेल ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा डील की बात अभी डिस्कशन फेज में है। रिपोर्ट में बताया गया था कि अगर यह मर्जर होता है तो 2016 में डिश टीवी के वीडियोकॉन डी2एच के साथ विलय के बाद भारत के डीटीएच सेक्टर में यह सबसे बड़ा मर्जर होगा। यह मर्जर शेयरों की अदला-बदली के जरिए होगा। एयरटेल के पास 52-55% की बहुमत हिस्सेदारी होगी।




### मर्जर क्यों हो रहा?

टाटा प्ले और एयरटेल के डिजिटल टीवी के मर्जर का फैसला ऐसे समय लिया गया है जब लोग टीवी के बजाय ऑनलाइन वीडियो और लाइव स्ट्रीमिंग देखना पसंद कर रहे हैं। टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अनुसार, DTH यूजर्स की संख्या FY24 में घटकर 6 करोड़ हो गई है, जो FY21 में 7 करोड़ थी। मर्जर के बाद एयरटेल डिजिटल टीवी को टाटा प्ले के 1.9 करोड़ घरों और 50 लाख ब्रॉडबैंड ग्राहकों तक पहुंच मिलेगी। अभी इनके कंबाइन्ड सब्सक्राइबर्स की संख्या 3.5 करोड़ है। मर्जर के बाद बनी कंपनी के पास दूरसंचार ब्रॉडबैंड और डीटीएच को बंडल करके कई ज्यादा सेवाएं प्रदान करने की क्षमता होगी।

## एआई-क्लाउड सर्विस बेचने पर भड़के माइक्रोसॉफ्ट के कर्मी

**वाशिंगटन।** इजरायली सेना को एआई और क्लाउट कंप्यूटिंग सेवाएं बेचने के विरोध में माइक्रोसॉफ्ट के पांच कर्मचारियों ने कंपनी के सीईओ सत्य नडेला के साथ हुई बैठक के दौरान विरोध प्रदर्शन किया। सत्य नडेला वाशिंगटन में कर्मचारियों की बैठक में नए उत्पादों के बारे में बात कर रहे थे। इस दौरान उनके दाहिनी ओर लगभग 15 फुट दूर खड़े कर्मचारियों ने अपनी टी-शर्ट दिखाई, जिस




पर लिखा था, 'क्या हमारे कोड ने बच्चों की जान ली, सत्य? घटना के फोटो और वीडियो में नडेला लगातार बोलते हुए दिख रहे हैं और वह प्रदर्शनकारियों की ओर ध्यान नहीं देते। इसके बाद दो लोग कर्मचारियों को पकड़कर बैठक कक्ष के बाहर ले जाते हैं।

हाल में एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि गाजा और लेबनान में युद्ध के दौरान बमों से निशाना बनाने के लिए इजरायली सेना ने माइक्रोसॉफ्ट के एआई मॉडलों और ओपनएआई का इस्तेमाल किया।

## सर्राफा बाजार में सोना चमका, चांदी में हल्की गिरावट

**नई दिल्ली।** महाशिवरात्रि के अवसर पर सोने की कीमतों में तेजी देखी गई, जबकि चांदी की कीमतों में मामूली गिरावट आई। देश के विभिन्न सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 88,100 से 88,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट सोना 80,760 से 80,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी 100 रुपये की गिरावट के साथ 1,00,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है।



### दक्षिण भारतीय बाजारों में भी तेजी

बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर के सर्राफा बाजारों में भी सोने की कीमतों में तेजी देखी गई। यहां 24 कैरेट सोना 88,100 और 22 कैरेट सोना 80,760 प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। चांदी की कीमत में 100 की कमी दर्ज की गई, जिससे यह दिल्ली के बाजार में 1,00,900 प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है।

# गुजरात का चैलेंज तोड़ने उतरेगी बेंगलुरु की टीम

- लगातार दो मैच गंवाने के बाद जीत की राह पर लौटने उतरेगा आरसीबी
- जॉइंट्स की टीम तालिका में सबसे नीचे

**डब्ल्यूपीएल**

एजेंसी । बेंगलुरु

पिछले मैच में सुपर ओवर में मिली हार को भुलाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) गुरुवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर चल रही गुजरात जॉइंट्स से भिड़ेगा। इस मुकाबले में उसकी टीम अपना अभियान जीत की पटरी पर वापस लाने की कोशिश करेगी।




### शानदार शुरुआत के बाद ब्रेक

मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने पहले दो मैच जीतकर इस सत्र में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसे लगातार दो मैच में मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स की टीम मंगलवार को गुजरात पर जीत दर्ज करके अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। ऐसे में आरसीबी भी जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। टीम के लिए अच्छी बात यह है कि इंग्लैंड की डैनी व्याट लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं जबकि ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एलिसे पेरी भी शानदार लय में हैं। उन्होंने अब तक तीन अर्धशतक लगाए हैं।

### गुजरात का कमजोर प्रदर्शन

इस बीच गुजरात जॉइंट्स का लचर प्रदर्शन जारी है। उसकी टीम चार मैच में से एक ही जीत पाई है और वह अंक तालिका में सबसे नीचे है। पिछले मैच में तो टीम बमुश्किल 100 रन के पार पहुंच पाई थी। जहां तक गुजरात जॉइंट्स का सवाल है तो बल्लेबाजी उसके लिए कमजोर कड़ी साबित हो रही है। अगर उसे अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### मंधाना हार से निराश

स्मृति मंधाना की अगुआई वाली आरसीबी की टीम की पिछले मैच में वॉरियर्स से मिली हार से आहत होगी क्योंकि उसने पूरे मैच में नियंत्रण बनाए रखा था पर आखिर के तीन ओवर में 42 रन का बचाव नहीं कर पाई। फिर सुपर ओवर में आरसीबी की टीम केवल चार रन ही बना सकी थी। मंधाना स्वयं रन बनाने के लिए जूझ रही हैं। वह चार मैच में अभी तक एक बड़ी पारी ही खेल पाई हैं। ऑफ स्पिन के सामने उनकी कमजोरी खुलकर सामने आ रही है। आरसीबी की एक चिंता उसकी गेंदबाजी भी है। उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है जबकि उसके स्पिनर बीच के ओवर में रन प्रवाह पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं।

## भारतीय टीम निर्मम, उसे ट्रॉफी जीतनी चाहिए : राजपूत

एजेंसी । शारजाह



भारत के पूर्व बल्लेबाज और कोच लालचंद राजपूत ने रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम को निर्मम करार देते हुए कहा है कि उसे चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए। संयुक्त अरब अमीरात की टीम के मौजूदा मुख्य कोच राजपूत ने कहा, भारतीय टीम हर मैच में दबदबा बना कर जीत हासिल करना चाहती है। वह विरोधी टीम को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं देना चाहती जो यही सही रवैया है। टीम जैसे खेल रही है, उससे लगता है कि उसे आसानी से चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए।

## पिंक लेडीज कप में कोरिया से हारी भारतीय टीम

एजेंसी । शारजाह




भारत की सीनियर महिला टीम बुधवार को यहां अल हमरिया स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में पिंक लेडीज कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में कोरिया से 0–3 से हार गई। फीफा रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद कोरियाई टीम मध्यांतर तक 2–0 से आगे थी। कोरिया की तरफ से चोई यूजुंग (आठवें) और चोई डागयेओंग (27वें) ने पहले हाफ में गोल किए। उसकी तरफ से तीसरा गोल मुन यूनजु ने 81वें मिनट में किया। भारत ने इस टूर्नामेंट में तीन मैच खेले। उसने अपने पहले मैच में जॉर्डन को हराया था लेकिन इसके बाद उसे रूस और कोरिया से हार का सामना करना पड़ा।

## क्वितोवा की मातृत्व अवकाश से वापसी निराशाजनक

एजेंसी । ऑस्टिन (टेक्सास)



पेत्रा क्वितोवा की मातृत्व अवकाश के 16 महीने बाद वापसी का सफर हार से खत्म हो गया। ब्रिटेन की जोडी एन्ना बर्रेज ने एटीएक्स ओपन में उन्हें हरा दिया। दो बार की विम्बलडन चैंपियन क्वितोवा दो अक्तूबर 2023 के बाद बीजिंग में चाइना ओपन के बाद अपना पहला डब्ल्यूटीए मैच खेल रही थीं। बीबीसी के अनुसार, मार्च में 35 साल की होने वालीं चेक खिलाड़ी ने पहला सेट जीत लिया, लेकिन 25 वर्षीय बर्रेज ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 3–6, 6–4, 6–4 से हराकर जीत हासिल की। विश्व रैंकिंग में 189वें स्थान पर मौजूद बर्रेज दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलियाई अजला टोमलजानोविक से खेलेंगी।

## खेल महासंघों की मदद के लिए समिति बनी

एजेंसी । नई दिल्ली



खेल मंत्रालय ने एक छह सदस्यीय समिति बनाई है। यह 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की देश की दावेदारी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को वित्तीय सहायता प्रदान करने के मानदंडों में संशोधन पर विचार करेगी। समिति की अध्यक्षता संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल करेंगे। इसमें कार्यकारी निदेशक (टीम) ऋतु पथिक, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के सीईओ एनएस जोहल, पूर्व टॉप्स सीईओ कमोडोर (सेवानिवृत्त) पीके गर्ग और भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष सहदेव यादव शामिल हैं। यादव भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कोषाध्यक्ष भी हैं।

# मालेवार के शतक से विदर्भ की दमदार वापसी

**138 रन दानिश मालेवार ने 14 चौकों और दो छक्कों से बनाए**

**215 रन मालेवार और करुण नायर ने चौथे विकेट के लिए जोड़े**

एजेंसी । नागपुर

तीसरे रणजी खिताब की तलाश में फाइनल तक पहुंची विदर्भ की टीम को केरल के खिलाफ पहली पारी में युवा बल्लेबाज दानिश मालेवार के नाबाद शतक ने सहारा दे दिया। उनके अलावा अनुभवी करुण नायर के साथ उनकी 215 रन की साझेदारी की मदद से दो बार की चैंपियन विदर्भ की टीम शुरुआती झटकों के बाद संभल गई।



### संकट में सहारा दिया

मालेवार और नायर ने तब जिम्मेदारी संभाली जब विदर्भ तीन विकेट पर 24 रन के स्कोर पर संकट में दिख रहा था। दोनों ने ढीली गेंदों का फायदा उठाने से पहले धैर्य के साथ केरल के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण का मुकाबला किया। धीरे-धीरे पिच बल्लेबाजी के लिए आसान होती गई। केरल के गेंदबाजों ने कड़ी मेहनत की, लेकिन आगे बढ़त बनाने में नाकाम रहे। दोनों ने चौथे विकेट के लिए दोहर शतकीय साझेदारी के दौरान 414 गेंद खेलीं। जब लग रहा था कि ये दोनों दिन का खेल समाप्त होने तक नाबाद रहेंगे तब वे एक अनावश्यक रन के लिए दौड़ पड़े और नायर को अपना विकेट गंवाना पड़ा। उन्होंने अपनी पारी में 188 गेंद का सामना किया तथा आठ चौके और एक छक्का लगाया।

### करियर का सर्वोच्च स्कोर

उसने खिताबी मुकाबले के पहले दिन बुधवार को यहां दिन का खेल खत्म होने के समय तक चार विकेट पर 254 रन बना लिए थे। स्टंप्स के समय मालेवार 138 रन बनाकर खेल रहे थे जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह दूसरा शतक है। दूसरे छोर पर यश ठाकुर पांच रन पर थे। नायर भी शतक के करीब थे लेकिन दिन के खेल के अंतिम ओवरों में वह आपसी गफलत के कारण रन आउट हो गए। उन्होंने 86 रन बनाए। मालेवार अभी तक 259 गेंद का सामना कर चुके हैं। उनकी पारी में 14 चौके और दो छक्के शामिल हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए महिला टीम घोषित की



एजेंसी । दुबई

ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने न्यूजीलैंड में तीन मैचों की महिला टी-20 सीरीज के लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। पैर की चोट से उबर रहीं कप्तान एलिसा हिली की जगह तहलिया मैक्ग्रा टीम की कमान संभालेंगी। 24 वर्षीय विक्टोरियन निकोल फाल्टम विकेटकीपर होंगी। वह ऑस्ट्रेलिया की घरेलू टी-20 प्रतियोगिता, डब्ल्यूबीबीएल के पिछले आठ संस्करणों में खेल चुकी हैं। वह निचले क्रम की एक कुशल हिटर भी हैं। इन फॉर्म ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर सीरीज के लिए उपकप्तान होंगी। सीरीज का पहला मैच 21 मार्च को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा।

## शुभमन शीर्ष पर बरकरार



एजेंसी । दुबई

### कोहली पांचवें स्थान पर

भारत को चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने आईसीसी एक दिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। गिल ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 101 और पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजों में केशव महाराज और मैट हेनरी शीर्ष पांच में और एडम जांपा शीर्ष दस में पहुंच गए हैं।

### आजम से बढ़ाया अंतर

इस शानदार प्रदर्शन से उनके रेटिंग अंक 21 अंक बढ़कर 817 हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर अब उनसे 47 अंक पीछे हैं जबकि पहले यह अंतर 23 अंक का था। पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाने वाले विराट कोहली पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि केएल राहुल 15वें स्थान पर आ गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाने वाले न्यूजीलैंड के विल यंग आठ पायदान चढ़कर 14वें और टॉम लैथम 11 पायदान चढ़कर 30वें स्थान पर आ गए है। वहीं रचिन रविंद्र 18 पायदान चढ़कर अब 24वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स कैरी चार स्थान ऊपर 50वें और जोश इंगलिस 18 स्थान ऊपर 81वें स्थान पर हैं।

**मुंबई के मैदानों से**

## बार्क स्पोर्ट्स क्लब की जीत

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

सलामी बल्लेबाज रवि कोली द्वारा किए गए उल्लेखनीय प्रदर्शन के दम पर बार्क स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने 14वें इंश्योरन्श शील्ड टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के एक मुकाबले में एमटीएनएल स्पोर्ट्स क्लब की टीम को 71 रनों से पीट दिया। क्रॉस मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए बार्क स्पोर्ट्स क्लब की टीम निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट गवांकर 191 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर लिया। रवि कोली के 83 रनों के अलावा कल्पेश केणी ने 49 और जयचंद्र ने 32 रनों की उपयोगी पारी खेली। जिसके जवाब में एमएनटीएल स्पोर्ट्स क्लब की टीम 20 ओवरों में छह विकेट पर 120 ही रन बना सकी। एक अन्य मैच में लॉर्सन एंड टुब्रो ने कैनरा बैंक को छह विकेट से पराजित किया।

## लौकी पठारे की आसान जीत

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया स्थित विल्सन जोन्स बिलियर्ड्स हॉल में खेले जा रहे सीसीआई स्नूकर क्लासिक 2025 के क्वालीफाइंग मुकाबले में लौकी पठारे ने ईशान नागर को 65-37, 63-52, 73-20 से हराया। अन्य मैचों में मेहराज मेमन ने सुर्या तेज को 34-61, 72-37, 44-61, 70-32, 62-32 से, कैज़ाद फिटर ने प्रमोद शाह को 52-43, 27-65, 59-47 से, मितेश ठक्कर ने नौजाद मुंशी को 51-49, 44-52, 55-36, 62-64 से और सुमित नायडु ने शफीक खत्री को 62-5, 62-18, 66-35 से मात दी।

# प्रोफेशनल किलर बनेंगे किंग खान!

## महेश मांजरेकर की स्क्रिप्ट तैयार, बस शाहरुख खान की हां का इंतजार

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान अपनी अदाकारी से पूरी दुनिया में फैंस के दिलों पर राज करते हैं। हाल ही में फिल्म निर्देशक महेश मांजरेकर ने खुलासा किया कि उनके पास शाहरुख खान के लिए एक बेहतरीन स्क्रिप्ट है। महेश के अनुसार यह किरदार एक पेड असैसिन यानी पेशेवर हत्यारे का है, जिसे किंग खान बखूबी निभा सकते हैं।

### किंग खान के लिए स्क्रिप्ट है तैयार

जब महेश मांजरेकर से शाहरुख खान को निर्देशित करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनके पास एक स्क्रिप्ट पहले से तैयार है। उन्होंने कहा, "यह एक शानदार फिल्म होगी, जिसमें मैं शाहरुख को पेशेवर हत्यारे के रूप में देखना चाहता हूं।

### महेश मांजरेकर ने की शाहरुख की तारीफ

पिंकविला के अनुसार महेश मांजरेकर ने शाहरुख खान की तारीफ करते हुए उन्हें एक असाधारण अभिनेता करार दिया। उनका कहना था कि शाहरुख खान को बहुत कम आंका गया है और वह कैमरे के सामने बहुत सहज नजर आते हैं। निर्देशक ने कहा कि शाहरुख की अदाकारी में ऐसा कुछ खास है जो उन्हें बाकी सभी से अलग करता है। महेश का मानना है कि शाहरुख अपनी फिल्मों में इतनी सहजता से काम करते हैं कि वह किसी भी किरदार में फिट हो जाते हैं।



## हम तो चोरी का माल उठाते थे : परेश रावल

परेश रावल बॉलीवुड के एक उम्दा कलाकार हैं, हर तरह के किरदारों को बखूबी निभा लेते हैं। 90 के दशक में भी इस एक्टर ने कमाल के किरदार बड़े पर्दे पर निभाए हैं। हाल ही में परेश रावल ने सिद्धार्थ कानन के यूट्यूब चैनल पर दिए इंटरव्यू में बताया कि 80 और 90 के दशक में फिल्ममेकर्स हॉलीवुड फिल्मों की कहानी चोरी करके अपनी फिल्में बनाते थे।



### कैसेट लेकर घूमते थे फिल्ममेकर्स

परेश रावल इंटरव्यू में बताते हैं, 'मैंने खुद देखा है। फिल्ममेकर्स हॉलीवुड फिल्मों की कैसेट लेकर घूमते थे और हमें कहते थे कि इसे देख लो। बाद में उसी कहानी में किसी और हॉलीवुड कहानी के एलीमेंट्स मिलाकर फिल्म तैयार करते थे। अच्छा हुआ कि हॉलीवुड वालों ने अपने ऑफिस भारत में खोले तब उनकी कहानियों के लिए पैसे हमारे फिल्ममेकर्स को देने पड़ गए, वरना हम तो चोरी का माल उठाते थे।'

### इस तरह बदली हमारी इंडस्ट्री की तस्वीर


परेश रावल आगे कहते हैं, 'जब हॉलीवुड वाले भारत में आए तो हमारे फिल्ममेकर्स को समझा आया कि हमारी कहानियां कितनी पॉवरफुल हैं। जब हमारे फिल्ममेकर्स कहानियों पर मेहनत करने लगे तो रिजल्ट भी सामने आए।' फिल्म 'हेरा फेरी 3' को रिलीज होने में समय लग सकता है। लेकिन इस साल परेश रावल फिल्म 'थामा' और 'द ताज स्टोरी' में नजर आएंगे। 'थामा' में आयुष्मान खुराना भी नजर आएंगे।

# अब तेलुगु में भी गूंजेगी 'छावा' की दहाड़

विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' ने सिनेमाघरों में धूम मचा रखी है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 350 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। अब यह ब्लॉकबस्टर फिल्म तेलुगु में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फैसला दर्शकों की भारी मांग को देखते हुए लिया गया है। फिल्म की रिलीज के बाद से ही इसे तेलुगु में रिलीज करने की मांग लगातार बढ़ रही है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

तेलुगु में इस फिल्म का वितरण टॉलीवुड का टॉप प्रोडक्शन हाउस गीता आर्ट्स करेगा। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में फिल्म का वितरण किया जाएगा। इसका प्रीमियर 7 मार्च 2025 से आंध्र प्रदेश के सिनेमाघरों में होगा। जीए 2 पिक्चर्स के नाम 300 से ज्यादा तेलुगु, हिंदी और अंग्रेजी फिल्मों के वितरण का रिकॉर्ड है, जो अब 'छावा' के साथ अपनी विरासत को आगे बढ़ाएगी।



### 'छावा' बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म 'छावा' सिनेमाघरों में छाई हुई है। फिल्म ने 31 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरुआत की और पहले वीकएंड पर 48.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। दूसरे वीकएंड पर फिल्म ने 40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। अपने शानदार कलेक्शन की बदौलत फिल्म ने 375.65 करोड़ रुपये का अब तक कलेक्शन किया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### शशि थरूर ने कांग्रेस से नाराजगी की अटकलों पर दी सफाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पार्टी से नाराजगी की अटकलों को खारिज करते हुए बुधवार को सफाई दी। उन्होंने कहा कि उनके पॉडकास्ट में जीवन और खुशी की खोज पर चर्चा हुई थी, राजनीतिक विवाद जैसी कोई खास बात नहीं थी। थरूर ने कहा कि आप सभी ने मलयालम में पॉडकास्ट सुना है। इसमें विवाद क्या है, मैं अभी तक समझ नहीं पाया हूं। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने शुक्रवार को एक बैठक बुलाई है, जिसमें वे भी अन्य नेताओं के साथ शामिल होंगे।

### रूस के ड्रोन हमलों में यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों को नुकसान

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में बुधवार को बड़ा हवाई हमला देखने को मिला। रूस ने यूक्रेन पर एक साथ 177 ड्रोन से हमला किया। इस हमले में यूक्रेन के कई ऊर्जा संयंत्रों को नुकसान पहुंचा। हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। यूक्रेनी वायु सेना के अनुसार, ये हमले मुख्य रूप से रणनीतिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर किए गए। राजधानी कीव, ओडेसा, खार्किव और अन्य प्रमुख शहरों में धमाकों की आवाज सुनी गई। कई ड्रोन यूक्रेन की एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा मार गिराए गए, लेकिन कई अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल रहे। इससे ऊर्जा संयंत्रों और अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों को नुकसान हुआ।

### सूडान में रिहायशी इलाके में विमान गिरा, 49 मरे

**काहिरा।** सूडान में मंगलवार देर रात एक सैन्य विमान रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 49 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। मृतकों में नागरिक भी शामिल हैं। सेना ने कहा, एंटोनोव विमान ओमडुरमैन के उत्तर में वादी सैयदना एयरबेस से उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में सैन्य कर्मियों और आम नागरिकों की मौत हुई है। वहीं, रक्षा मंत्रालय ने कहा, विमान कर्रारी जिले में दुर्घटनाग्रस्त होकर एक आम नागरिक के घर पर गिरा, जिसके कारण जमीन पर भी लोगों की मौत होने की आशंका है। सूडान 2023 में गृहयुद्ध झेल रहा है। सेना और अर्धसैनिक समूह रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच तनाव युद्ध के मैदान में बदला हुआ है।

### 80 हजार करोड़ की सड़क परियोजनाओं पर काम जल्द शुरू होगा: गडकरी


**गुवाहाटी।** सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि असम में 80 हजार करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं पर काम जल्द शुरू होगा। एडवांटेज असम 2.0 व्यापार शिखर सम्मेलन में सड़क, रेलवे और नदी अवसंरचना पर आयोजित सत्र को ऑनलाइन संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 2029 तक 15 वर्ष में उनके मंत्रालय के तहत राज्य में तीन लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं पूरी की जाएंगी। गडकरी ने कहा कि जिन नई परियोजनाओं पर काम शुरू होगा, उनमें गुवाहाटी रिंग रोड, ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे एक सुरंग और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में एक एलिवेटेड कॉरिडोर शामिल हैं।

# सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर के लिए होंगे कड़े प्रावधान

- नए नियमों के तहत कंटेंट को रेटिंग देना हो सकता है अनिवार्य
- 40-50 लाख के करीब इन्फ्लूएंसर दायरे में आएंगे

**एजेंसी | नई दिल्ली**

**इंडिया गॉट लेटेंट विवाद के बाद केंद्र सोशल मीडिया को लेकर अलग कानून बनाने पर कर रहा विचार**



केंद्र सरकार इंडिया गॉट लेटेंट से जुड़े विवाद के बाद सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर के लिए अलग से कानून बनाने पर विचार कर रही है। नया कानून जल्द आएगा। इसके बाद इन्फ्लूएंसर को कोई भी कंटेंट सोशल मीडिया पर अपलोड करने से पहले सरकार द्वारा तय नियमों का पालन करना होगा। नए नियमों के तहत कंटेंट को रेटिंग देना अनिवार्य हो सकता है, जिससे यूजर्स को पता चल सकेगा कि कंटेंट (वीडियो) में किसी तरह के शब्दों और दृश्यों का इस्तेमाल किया गया है। इसके साथ ही, डिस्क्लेमर भी देना होगा, जिससे वीडियो एवं अन्य कंटेंट के बारे में शुरुआत में ही यूजर्स को जानकारी रहे। नए कानून के दायरे में करीब 40-50 लाख सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर आएंगे, जिन्हें कोई भी कंटेंट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने से पहले नियम व शर्तों को पूरा करना होगा।

### 24 घंटे के भीतर वीडियो हटाना होगा

इससे सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर और कंपनियों की जबावदेही बढ़ जाएगी। नए कानून में सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम-2021 के प्रावधानों को भी शामिल किया जाएगा। जैसे सीधे यूजर्स को सोशल मीडिया कंपनी से कंटेंट को लेकर शिकायत करने का अधिकार होगा। इसके बाद जांच करके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म संचालित करने वाले कंपनी को उस वीडियो को हटाना होगा। अभी तक 48 घंटे में वीडियो को हटाने का प्रावधान है। अब उसे घटाकर 24 घंटे किए जाने की तैयारी है। शिकायत का 15 दिन के अंदर कंपनी को जवाब देना होगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछे थे सवाल

बीते दिनों इंडिया गॉट लेटेंट से जुड़े विवाद के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि वह सोशल मीडिया पर अश्लीलता को रोकने के लिए क्या कदम उठा रही है। सूत्र बताते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के सवाल के बाद अब सोशल मीडिया को लेकर अलग से दिशा-निर्देश तय किए जाने की तैयारी है। कई कड़े कानूनी प्रावधान किए जाने पर भी काम चल रहा है। इससे पहले संसदीय समिति ने भी सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अश्लीलता को लेकर सवाल उठाए थे। अब केंद्र सरकार सोशल मीडिया के लिए डिजिटल इंडिया कानून लाने की दिशा में काम कर रही है।

### ऑनलाइन अपराध रोकने में भी मदद मिलेगी

नए कानून में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डीपफेक, ऑनलाइन सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर अलग से नियम बनाए जाएंगे। इसके जरिए सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों को रोकने में भी मदद मिलेगी।

## मणिपुर में 7 जिलों के लोगों ने हथियार किए सरेंडर

**एजेंसी | इंफाल**




मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद से ही हथियारों का सरेंडर जारी है। बुधवार को पुलिस ने बताया कि 87 तरह के हथियार, गोला-बारूद और अलग-अलग सामान लोग स्वेच्छा से सरेंडर कर रहे हैं। इंफाल ईस्ट, बिश्नुपुर, थौबल, कांगपोकपी, जिरीबाम, चुराचांदपुर और इंफाल वेस्ट जिलों में हथियार सरेंडर किए गए हैं। इधर, राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने मैतेई सशस्त्र समूह अरामबाई तेंगगोल के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने कहा- राज्यपाल ने उन्हें राज्य में शांति और स्थिति को सामान्य करने के लिए मदद को कहा है। हथियारों के सरेंडर को लेकर कुछ शर्तों पर चर्चा हुई है। मणिपुर में 13 फरवरी को केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति शासन लगाया। यह फैसला मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के 4 दिन बाद लिया गया। सिंह ने 9 फरवरी को गवर्नर को इस्तीफा सौंपा था। राज्य में 21 महीने (3 मई 2023) से जारी जातीय हिंसा के चलते 300 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं।

# गोडसे की तारीफ करने वाली प्रोफेसर बनीं डीन

**एजेंसी | कोझिकोड**

महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की प्रशंसा करने वाली एनआईटी कालीकट की प्रोफेसर डॉ. ए शैजा को डीन नियुक्त किए जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने इस फैसले का विरोध करते हुए अप्रैल में संस्थान में आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

**कांग्रेस ने जताया विरोध**



### विवाद के बाद केस दर्ज, कमेंट किया था डिलीट

कमेंट वायरल होने के बाद डॉ. शैजा के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिसके बाद कोझिकोड सिटी पुलिस ने उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 153 के तहत केस दर्ज किया था। बाद में बढ़ते विरोध को देखते हुए उन्होंने अपना कमेंट डिलीट कर दिया और सफाई दी कि उन्होंने बिना ज्यादा सोच-विचार किए कमेंट किया था।

### गोडसे को लेकर किया था विवादित कमेंट


पिछले साल महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर डॉ. शैजा ने एक फेसबुक पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए लिखा था कि 'गोडसे पर गर्व है, उसने भारत को बचाया।' यह कमेंट वकील कृष्णा राज की पोस्ट पर किया गया था, जिसमें गोडसे को नायक बताया गया था। कांग्रेस ने डॉ. शैजा को डीन बनाए जाने के फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की है और कहा है कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो वे अप्रैल में संस्थान में विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## काम की खबर

### यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने की तैयारी कर रही केंद्र सरकार

- असंगठित क्षेत्रों, कंस्ट्रक्शन वर्कर, घरेलू स्टाफ और गिग वर्कर्स को किया जाएगा शामिल

**एजेंसी | नई दिल्ली**



केंद्र सरकार देश के सभी नागरिकों के लिए यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने की तैयारी कर रही है। इसमें गैर-संगठित क्षेत्र के लोगों को भी शामिल किया जाएगा। अभी कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले, घरेलू स्टाफ, और गिग वर्कर्स को सरकार की ओर से चल रही पेंशन स्कीम्स का फायदा नहीं मिलता है। इस स्कीम से सभी वेतनभोगी कर्मचारियों और सेल्फ एंप्लॉयड को लाभ मिलेगा। सरकार इसके लिए अभी प्रपोजल डॉक्यूमेंट्स तैयार कर रही है, इसके बाद स्टेकहोल्डर्स से प्रपोजल लिए जाएंगे।

### मौजूदा पेंशन स्कीम्स से कैसे अलग है?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह मौजूदा एंप्लॉय प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन से अलग है, क्योंकि नई स्कीम में सरकार अलग-अलग तरह के कई स्कीम्स को मिलाकर एक यूनिवर्सल स्कीम बना सकती है। इसे स्वैच्छिक आधार पर किसी भी नागरिक के लिए एक सुरक्षित विकल्प के रूप में देखा जा सकता है।

### देश में अभी NPS और अटल पेंशन योजना चल रही

गैर संगठित क्षेत्रों के लिए कई सरकारी पेंशन स्कीम्स देश में चल रही है। इसमें से एक अटल पेंशन योजन है। इस स्कीम में व्यक्ति के 60 साल के हो जाने के बाद हर महीने 1,000 रुपए से 1,500 रुपए का रिटर्न मिलता। इसके अलावा, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना भी चल रही है। इसमें रेहड़ी-पटरी वालों, घरेलू कामगारों और मजदूरों को फाइनेंशियल असिस्टेंस सरकार देती है। वहीं, किसानों के लिए अलग से एक स्कीम-प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना चल रही है। इसमें निवेशक के 60 साल हो जाने के बाद सरकार हर महीने 3000 रुपए का असिस्टेंस देती है।

### सरकारी कर्मचारियों के लिए अप्रैल से शुरू होगी यूनिफाइड पेंशन स्कीम

हाल ही में केंद्र सरकार ने सरकारी नौकरी करने वाले लोगों के लिए नई पेंशन योजना को मंजूरी दी है। नई पेंशन योजना का नाम यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) है। इसके तहत अगर किसी कर्मचारी ने 25 साल नौकरी की है, तो रिटायरमेंट के पहले नौकरी के आखिरी 12 महीने की बेसिक सैलरी का 50% अमाउंट भी पेंशन के तौर पर मिलेगा। अगर कोई कर्मचारी 10 साल बाद नौकरी छोड़ देता है तो उसे हर महीने 10 हजार रुपए की पेंशन मिलेगी। इससे लगभग 23 लाख कर्मचारियों को फायदा होगा। ये स्कीम 1 अप्रैल 2025 से लागू कर दी जाएगी। वहीं, अगर सर्विस के दौरान किसी सरकारी कर्मचारी की मौत हो जाती है, तो उसके परिवार को कर्मचारी की मौत के वक्त तक मिलने वाली पेंशन का 60% हिस्सा मिलेगा।

# सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज SCBA की सुधार समिति अध्यक्ष नियुक्त

- 7 अप्रैल को अगली सुनवाई

**एजेंसी | नई दिल्ली**



सर्वोच्च न्यायालय ने पूर्व जज एल. नागेश्वर राव को सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) की चुनाव सुधार समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि न्यायमूर्ति राव ने इस समिति की अध्यक्षता करने के लिए सहमति दी है। समिति एससीबीए की कार्यकारी समिति के चुनाव में उम्मीदवारों के लिए पात्रता मानदंडों का सुझाव भी देगी। पीठ ने जारी आदेश में कहा, पूर्व में किए गए विचार-विमर्श और समय-समय पर जारी आदेशों के क्रम में इस अदालत के पूर्व जज न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव ने एससीबीए की कार्यकारी समिति के चुनाव के लिए नियमों/दिशानिर्देशों/मानदंडों में सुधार के लिए समिति की अध्यक्षता करने पर विनम्रतापूर्व सहमति दी है।

### समिति में होंगे कभी चुनाव न लड़ने वाले अनुभवी वकील

पीठ ने आगे कहा, प्रस्तावित सुधारों में चुनावों में भाग लेने के लिए पात्रता शर्तें तय हो सकती हैं। इस समिति में कुछ वरिष्ठ वकील/अनुभवी वकील (लॉय-ऑन-रिकॉर्ड और नॉन-लॉयर-ऑन-रिकॉर्ड दोनों श्रेणी से) होंगे, जिन्होंने कभी एससीबीए के पदाधिकारियों के रूप में चुनाव नहीं लड़ा है। उच्चतम न्यायालय ने बार के सदस्यों को दो हफ्ते के भीतर समिति के लिए नाम का सुझाव देने को भी कहा है।

### 33 फीसदी पदों को आरक्षित करने का भी आदेश

पीठ ने यह भी कहा, हम न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव को राव को पूरी स्वतंत्रता देते हैं कि वह इस सूची से नामों का चयन करें। यह समिति बार के सदस्यों या अन्य धारकों से सुझाव प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र होगी। इस मामले में अगली सुनवाई सात अप्रैल को होगी। सर्वोच्च न्यायालय ने पहले वरिष्ठ वकील विकास सिंह और कपिल सिब्बल से समिति के अध्यक्ष के बारे में सुझाव मांगे थे। शीर्ष कोर्ट ने मई 2024 में एससीबीए की कार्यकारी समिति में महिलाओं के लिए 33 फीसदी पदों को आरक्षित करने का भी आदेश दिया था।

# अवैध इंटरनेट फार्मेसी की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

- ड्रग्स तस्करी से जुड़े मामले में कार्रवाई




**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हैदराबाद की एक अवैध इंटरनेट फार्मेसी के खिलाफ ड्रग्स तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की है। ईडी ने बुधवार को बताया कि जांच के तहत उसने मध्य प्रदेश में जमीन और करीब 8 करोड़ रुपये की बैंक जमा राशि कुर्क की है। ईडी ने बताया कि जेआर इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### पहले एनसीबी ने दर्ज की थी शिकायत

बता दें कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने जेआर इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मई 2022 में शिकायत दर्ज की थी। फर्म पर अवैध इंटरनेट फार्मेसी चलाने का आरोप लगाया गया था। जिसके बाद मामले की ईडी ने जांच शुरू की। जांच के दौरान संघीय एजेंसी को अवैध इंटरनेट फार्मेसी चलाने की शिकायत सही मिली।

### इन साइकोट्रोपिक पदार्थों का किया निर्यात

ईडी ने बताया जेआर इनफिनिटी द्वारा अल्प्राजोलम, जोलपिडेम, लोराजेपम, क्लोनाजेपम, हाइड्रोकोडोन और ऑक्सीकोडोन जैसे साइकोट्रोपिक पदार्थों को टैबलेट के रूप में निर्यात किया जा रहा था। एजेंसी ने दावा किया कि फर्म ने टेलीमार्केटिंग कॉल सेंटर सेवाएं और 'सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन' सेवाएं प्रदान करने की आड़ में ऐसा किया। ईडी द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया के लिए आरोपी या उसके परिवार से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका।

# हमास से अपमानजनक डील करने पर मजबूर इजरायल

- 4 शवों के बदले रिहा करेगा सैकड़ों कैदी

**एजेंसी | तेल अवीव**



इजरायल और हमास के बीच डेढ़ साल से जारी भीषण युद्ध में करीब 46,000 लोग मारे जा चुके हैं। हालांकि, अब सीजफायर लागू है, लेकिन इस संघर्ष के बाद इजरायल को हमास के साथ एक कठिन और अपमानजनक डील करनी पड़ी है। इजरायल को केवल चार शवों के बदले सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करना होगा।

### हमास की सख्त शर्तें, इजरायल की दुविधा

हमास के प्रवक्ता अब्दुल लतीफ अल-कानु ने कहा है कि 600 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के अगले ही दिन चार शव सौंपे जाएंगे। पहले 1 इजरायली के बदले 30 कैदियों की रिहाई की मांग की गई थी, लेकिन अब शर्तें और कड़ी होती जा रही हैं।

### इजरायल ने रोकी कैदियों की रिहाई

इजरायल ने शनिवार से 600 कैदियों की रिहाई को टाल दिया है। उसका कहना है कि हमास इस सौदे को अपमानजनक तरीके से पेश कर रहा है। इजरायल ने रेड क्रॉस और यूएन से शिकायत की कि कैदियों की रिहाई को हमास बड़े सार्वजनिक आयोजनों में बदल रहा है, जिससे इजरायल की छवि को नुकसान हो रहा है। इससे पहले, इजरायल के 33 कैदियों की रिहाई के बदले हमास के 2,000 कैदियों को छोड़ा गया था, जो बेंजामिन नेतन्याहू सरकार के लिए कठिन और विवादास्पद फैसला था।

**चीन को सीधी चुनौती**

# अरुणाचल में 1400 KM लंबा हाईवे

**एजेंसी | ईटानगर**

केंद्र सरकार ने चीन सीमा के पास 1400 किलोमीटर लंबे हाईवे के निर्माण को मंजूरी दे दी है, जिससे सीमावर्ती इलाकों तक कनेक्टिविटी मजबूत होगी और सेना की त्वरित तैनाती संभव हो सकेगी। 42,000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह हाईवे अरुणाचल प्रदेश के 12 जिलों से होकर गुजरेगा।

**सेना की पहुंच होगी आसान**



### चीन को कड़ा संदेश

अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र पर चीन अपना दावा करता रहा है, लेकिन इस हाईवे प्रोजेक्ट की घोषणा कर भारत ने उसे स्पष्ट संदेश दिया है कि सीमावर्ती इलाकों में अब बुनियादी ढांचा मजबूत किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कामले जिले के एक मेले में इस परियोजना का ऐलान किया।

### रणनीतिक रूप से क्यों खास है यह हाईवे?

यह चीन सीमा से महज 20 किलोमीटर की दूरी पर बनेगा। ईस्ट कामेंग, अपर सुबानसिरी, शी-योमी, अनजॉ और चांगलांग जैसे संवेदनशील जिलों से गुजरेगा। सेना की तैनाती और लॉजिस्टिक्स में होगी आसानी। यह पूर्वोत्तर भारत के लिए गेमचेंजर साबित होगा। कार्यक्रम में मौजूद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह किरेन रिजिजू का सपना था और अब यह पूरा होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाईवे निर्माण के लिए फंड स्वीकृत हो चुका है और जल्द ही काम शुरू होगा।

# मई में रूस का दौरा कर सकते हैं पीएम मोदी

**एजेंसी | नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मई में एक बार फिर रूस का दौरा कर सकते हैं। रूसी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी मॉस्को के रेड स्कवायर पर आयोजित होने वाली 80वीं ग्रेट पैट्रियोटिक वॉर (महान देशभक्ति युद्ध) परेड में बतौर अतिथि शामिल होंगे। इस परेड में भारतीय सेना का एक दल भी शामिल हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय सेना का दल परेड से एक महीने पहले ही रूस जा सकता है ताकि परेड की रिहर्सल कर सके। पीएम मोदी के अलावा कई अन्य देशों के राष्ट्र प्रमुख भी ग्रेट पैट्रियोटिक वॉर परेड में बतौर अतिथि शामिल हो सकते हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव ने कहा है कि कई आमंत्रित देशों ने 9 मई को होने वाली परेड में आने की पुष्टि कर दी है। रूस के राष्ट्रपति दिमित्री पेसकोव ने कहा है कि कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों को परेड में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है। उल्लेखनीय है कि द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान रूस और नाजी जर्मनी के बीच लड़े गए युद्ध को ग्रेट पैट्रियोटिक वॉर (महान देशभक्ति युद्ध) के नाम से जाना जाता है।